

पेज -3 पर

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

RNI No. CHHHIN/2009/35020

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 215 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, मंगलवार 14 जून 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


सुकमा के जसराज जैन रायपुर में होंगे सम्मानित

जिले में बाल उन्मूलन सप्ताह 20 जून तक

पेज -8 पर



## एक नजर

### मुख्यमंत्री ने कबीर जयंती की दी बधाई



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 14 जून को संत कबीर की जयंती पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। अपने बधाई संदेश में श्री बघेल ने कहा है कि संत कबीर साहेब का जीवन दर्शन हर युग में प्रासंगिक है। संत कबीर ने अपने दोहों के माध्यम से भाईचारे, प्रेम, सद्भावना और सामाजिक समानता का संदेश दिया। उन्होंने समाज में फैले आडंबर और जात-पात का सख्त विरोध किया। अपने दोहों के माध्यम से उन्होंने सामाजिक कुरीतियों पर कठोर प्रहार किया और लोगों को सत्य, अहिंसा, दया, करूणा, परोपकार जैसे मानवीय मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। छत्तीसगढ़ में भी संत कबीर के जीवनदर्शन का लोगों के जन-जीवन पर गहरा प्रभाव रहा है।

### शराब पीते आपस में भिड़ गए युवक

**रायपुर ।** त्रिमूर्ति नगर रेलवे पटरी के किनारे शराब पीने के दौरान मामूली विवाद पर एक युवक ने दूसरे युवक पर धारदार हथियार से हमला कर चोट पहुंचाया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी तुषार बाग 19 वर्ष अपने दोस्तों के साथ त्रिमूर्ति नगर स्थित रेलवे पटरी के किनारे बैठकर शराब पी रहा था। तभी किसी बात को लेकर उनका आपस में विवाद हो गया।

## रायपुर में लड़की के लिए दोस्त का मर्डर, चाकू से कई वार कर मार डाला

**रायपुर ।** रविवार की रात रायपुर में एक और हत्या की वारदात हो गई। दो बदमाशों ने अपने ही दोस्त पर चाकू से कई वार किए, हमला इतना खतरनाक था कि मौके पर ही युवक ने दम तोड़ दिया। हत्या के इस कांड को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनकी उम्र महज 18 और 20 साल है। मामला शहर के गुढियारी इलाके के मुर्रा भट्टी मोहल्ले का है। मोहल्ले की टपरी पर यश सिंह राजपूत नाम का युवक चाय पीने पहुंचा हुआ था । मोहल्ले का ही रहने वाला उसका दोस्त 20 साल का विक्की दिवाकर और 18 साल का अनिल लहरी वहां पहुंच गए। तीनों के बीच बहस बाजी शुरू हो गई। इतने में विक्की और अनिल ने अपने पास रखा चाकू निकाला और यश पर हमला कर दिया। विक्की, अनिल और यश आपस में दोस्त थे। इससे पहले इसी टपरी पर हंसी मजाक हुआ करता था चाय की चुस्कियां ली जाती थी। अब इसी जगह एक दोस्त ने दोस्त की हत्या कर दी।



### लड़की के चक्कर में हुआ कांड

देर रात गुढ़ियारी इलाके से विक्की और अनिल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि जिस लड़की से फोन पर अक्सर विक्की बातें किया करता था उसी लड़की से यश भी बात करता था। विक्की को यह पसंद नहीं था कि यश उस लड़की से दोस्ती रखे। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई और तैश में आकर विक्की ने अपनी साथी अनिल के साथ मिलकर यश को मार डाला।

रायपुर की पुलिस से बीते दो दिनों में हत्या की वारदात होने की वजह से स्पेशल अभियान चला रही है । गुढ़ियारी जैसे अलग-अलग कई इलाकों में दबिश देकर पुलिस की टीम निगरानिशुदा बदमाशों को पकड़ रही है। बीते 2 दिनों में 116 से ज्यादा लोगों की गिरफ्तारियां भी हुई हैं। मगर इसी बीच रात के वक्त गुढ़ियारी के मुर्रा भट्टी में हत्या की यह वारदात हो गई।

### 2 दिनों में 3 मर्डर

*बीते दो दिनों में रायपुर में हत्या की तीन वारदात के सामने आई है। पहला मामला रायपुर के संतोषी नगर इलाके का है, जहां अमान नाम के युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। दूसरा प्रकरण रायपुर के राजेंद्र नगर इलाके का है, जहां रामचंदानी नाम के एक प्रॉपर्टी डीलर की भी सूजा मारकर हत्या कर दी गई।*

## ईडी कार्रवाई के विरोध में सड़क पर उतरे कांग्रेसी

### बिलासपुर में काली पट्टी बांधकर नेहरू चौक पर दिया धरना; पूछा-आवाज दबाने दमनकारी नीति क्यों

बिलासपुर। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ED) की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता सड़क पर उतर गए। नेताओं ने चिलचिलाती धूप में नेहरू चौक में काली पट्टी लगाकर नेहरू चौक में मौन धरना दिया।



कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार की दमनकारी नीति का विरोध करते हुए सवाल किया कि विपक्ष की आवाज दबाने के लिए केंद्रीय संस्थाओं को दुरुपयोग क्यों किया जा रहा है।

मनी लॉन्ड्रिंग केस की फाइल खुलने और राहुल गांधी व सोनिया गांधी को प्रवर्तन निदेशालय का समंस जारी करने के बाद प्रदेश भर में कांग्रेस ने विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया है। सोमवार दोपहर कांग्रेस नेता पार्टी कार्यालय में एकत्रित हुए। यहां से सभी नेहरू चौक पहुंचे। यहां हाथ में तख्ती और मुंह में काली पट्टी बांध कर धरने में बैठे नेता सत्य को परेशान किया जा सकता है, पराजित नहीं जैसे स्लोगन लिखे हुए थे।

### नाथू राम गोडसे विचारधारा की है केंद्र सरकार

शहर विधायक शैलेष पांडेय ने बयान जारी कर कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार नाथू राम गोडसेके विचार धारा की पार्टी है। यह सरकार देश के वातावरण को बिगाड़ने की कोशिश में लगे हैं। विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए केंद्र सरकार अपनी जांच एजेंसी का दुरुपयोग कर रही है और हमारे नेताओं के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों को लगाकर आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है, जिसका विरोध करने के लिए मौन धरना दिया गया।

### दमनकारी नीति अपना रही है मोदी सरकार

कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि जब से केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है, तब से दमनकारी नीति पर काम किया जा रहा है। वे लोग देश में लोकतंत्र की हत्या करना चाहते हैं। देश में राष्ट्रीय नेतृत्व के रूप में नरेंद्र मोदी को चुनौती देने की ताकत रखते हैं, उन्हें केंद्र की एजेंसियों के माध्यम से दबाने की कोशिश कर रहे हैं। केंद्र सरकार के इस रवैए के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में प्रदेश भर में विरोध-प्रदर्शन किया जा रहा है। धरने में कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## पूर्व चीफ सेकेट्ररी की डॉक्टर बेटी से ठगी

### ऑनलाइन फीस के नाम पर 2.94 लाख ठगे; कहा-आर्मी से हैं, ऐसे ही पेमेंट करते हैं

**रायपुर।** प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव और IAS अफसर अजय सिंह की डॉक्टर बेटी ठगी का शिकार हो गईं। एक अनजान कॉलर ने अफसर की बेटी को फोन किया। इधर-उधर की बातों में उलझाकर युवती के खाते से 2 लाख 94 हजार रुपए पार कर दिए। इस मामले में अब अनजान ठग के खिलाफ पुलिस ने ठगी का केस दर्ज किया है। ठगी की शिकार युवती ने पुलिस को ठग के फोन नंबर और पैसों के ट्रांजेक्शंस से संबंधित जानकारी दी है।



मामला VIP रोड स्थित मौलश्री विहार का है। यहां रहने वाली डॉ. अदिति इस ठगी का शिकार हुई हैं। अदिति पेशे से चिकित्सक हैं। स्किन ट्रीटमेंट के सिलसिले में हर रोज पेशेंट्स की काउंसिलिंग करती हैं। फोन पर उनकी मरीजों से बात होती है। ठग ने मरीज बनकर ही इन्हें कॉल किया। कहा- मैं CISF जवान परमील कुमार बोल रहा हूं। मुझे चर्म रोग संबंधी चेक-अप आपसे करवाना है। आप क्लीनिक मे किस समय मिलेंगी?

अदिति ने उसे क्लीनिक खुलने का समय बताया और शाम को 4 बजे आने के लिए कहा। तब ठग ने कहा- मेरे सुपीरियर का फोन यदि आपके पास आयेगा तो आप फोन रिसीव कर बात कर लीजिएगा। थोड़ा अच्छे से बात कीजिएगा। डॉ. अदिति ने हां कह दी। फिर किसी संतोष कुमार ठाकुर ने डॉक्टर को कॉल किया।

## धरमजयगढ़ थाने में मनाया गया टीआई विजय पैंकरा का जन्मदिन



जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

बीती रात धरमजयगढ़ थाने में थाना प्रभारी विजय पैंकरा का जन्मदिन मनाया गया। थाना प्रभारी द्वारा केक काटा गया। वहीं उपस्थित स्टॉप के लोगों ने विजय पैंकरा को केक एवं मिठाई खिलाकर बधाई शुभकामनाएं दी। वहीं नारायण बाईन एवं भरतलाल साहू ने भी पैंकरा को मिठाई खिलाकर जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बता दें कि पूर्व में थाना परिसर में पुलिसकर्मियों एवं अधिकारियों को जन्मदिन मनाने की पाबंदी थी। लेकिन पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीणा ने पुलिसकर्मियों के जन्मदिन को थाने में मनाने की अनुमति दी है। जिससे सभी थानों में किसी भी स्टॉप के जन्मदिन की उत्साह से मनाया जाता है।

## आत्मानंद स्कूल के एडमिशन में फर्जीवाड़ा!

### 13 जून को निकलनी थी लॉटरी, 7 को ही निकाल दी;पैरेंट्स पहुंचे तो मीटिंग का बहाना कर निकले टीचर

रायपुर। राजधानी रायपुर के स्वामी आत्मानंद स्कूल में सोमवार को बवाल हो गया । लॉटरी सिस्टम से यहां बच्चों को एडमिशन दिया जाना है, मगर इसकी जानकारी पेरेंट्स को नहीं दी गई। लॉटरी निकाल भी दी गई कुछ बच्चों को एडमिशन भी दे दिया गया। इस वजह से बाकी के परिजन नाराज हो गए।



मामला रायपुर के भाटागांव स्थित आत्मानंद स्कूल का है। सरकारी अंग्रेजी मीडियम स्कूल में एडमिशन के लिए 1500 पालकों ने फॉर्म भरे थे। स्कूल में अपनी शिकायत लेकर पहुंचे परिजनों ने बताया कि उन्हें 13 जून को लॉटरी निकाले जाने की जानकारी मिली थी। मगर लॉटरी 7 जून को ही निकाल दी गई और कुछ चुनिंदा बच्चों को एडमिशन दे दिया गया।

परिजनों ने आरोप लगाया कि स्कूल में एडमिशन की प्रोसेस में पारदर्शिता नहीं अपनाई गई। कुछ लोगों को ही मौका दिया जा रहा है। हंगामा करने के बाद परिजन जब स्कूल के प्रिंसिपल और टीचिंग स्टाफ से मिलने पहुंचे तो टीचर मीटिंग का बहाना करके चले गए। कुछ देर परिजन नारेबाजी करते रहे फिर वह भी अपने घरों को लौट गए। पेरेंट्स ने इस मामले की शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी से करने की बात कही है।

## कोयले से लदी मालगाड़ी के एक वैगन मे लगी आग

**भिलाई ।** मुंबई हावड़ा रेलवे ट्रैक से गुजर रही कोयले से लदी मालगाड़ी के एक वैगन में बीती रात्रि आग लग गई थी। मालगाड़ी को भिलाई नगर रेलवे स्टेशन पर खड़ा करके अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा कर्मियों के द्वारा तत्काल बुझाया गया गाड़ी में आग लगने का कारण ज्ञात नहीं हो सका है। अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा दुर्ग फायर कंट्रोल रूम दुर्ग की सूचना के अनुसार थाना भिलाई नगर के अंतर्गत रेलवे स्टेशन भिलाई नगर में कोयले की बोगी में आग लगी की सूचना पर अग्निशमन दल को तत्काल रवाना किया गया। वहां पहुंचकर अग्निशमन कर्मियों ने बड़ी ही सावधानी पूर्वक ट्रेन के बोगी पर चढ़कर आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण अज्ञात माना जा रहा है।अग्निशमन कर्मी धनु यादव, संतोष मढरिया, नरोत्तम टंडन ,रामनाथ कुर्रे के द्वारा सराहनीय कार्य किया गया।

**षडयंत्र...** इसमें PRSU के प्रोफेसर डॉ. रोहिणी प्रसाद भी; CSVTU प्रॉक्टर को नौकरी से हटाने के षड्यंत्र का आरोप

## दुर्ग यूनिवर्सिटी उपकुलसचिव सहित 4 पर एफआईआर

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ की दुर्ग पुलिस ने स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय (CSVTU) के प्रॉक्टर की सेवा पुस्तिका से छेड़छाड़ करने के मामले में कई यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर और कर्मचारियों के खिलाफ FIR दर्ज की है। इसमें हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के उप कुलसचिव राजेंद्र कुमार चौहान, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय (PRSU) के प्रोफेसर डॉ. रोहिणी प्रसाद, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय (SGGCG) सरगुजा के कार्यालय सहायक रूपेश मार्कस और संविदा कर्मी वजीर आलम शामिल हैं। आरोप है कि इन लोगों ने सेवा पुस्तिका में गलत एंट्री करके उन्हें नौकरी से हटाने का षड़यंत्र किया था। नेवई टीआई ममता शर्मा ने बताया कि CSVTU के प्रॉक्टर डॉ. राम नारायण खरे ने प्राचार्य को नौकरी से निकालने और सेवा पुस्तिका में अनाधिकृत प्रविष्टि करने की शिकायत दर्ज कराई है। डॉ. खरे ने शिकायत में बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के 31 जनवरी 2020 को जारी आदेश पर संविलयन के दौरान इंजीनियरिंग महाविद्यालय अंबिकापुर की समस्त संपत्ति और जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ CSVTU को ट्रांसफर कर दी गई थीं। इसमें सभी अधिकारी व कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका भी CSVTU भेजी गई थीं।




जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

### कूटरचना कर प्राचार्य का कार्यकाल 5 साल किया गया

जांच करने पर पाया गया कि डॉ. राम नारायण की सेवा पुस्तिका के पेज क्रमांक 13 में छेड़छाड़ और कूटरचना कर प्राचार्य का कार्यकाल 5 वर्ष का होना किया गया था। इस पर डॉ. खरे ने 20 सितंबर 2019 को राजभवन को इसकी जानकारी दी। डॉक्टर खरे इस पर कार्रवाई करने राजभवन को 31 दिसंबर 2020 को दोबारा पत्र लिखा। इसके बाद डॉक्टर खरे की पदस्थापना व जॉइनिंग प्राचार्य के तौर पर भिलाई में हो गई। जब CSVTU कुलसचिव ने मूल नस्ती का अवलोकन किया तो पता चला कि डॉ. खरे की सेवा पुस्तिका की मूल नस्ती के चार पेज दिनांक 28 अगस्त 2019 से लेकर 31 अगस्त 2019 तक गायब हैं। इस पर CSVTU के कुलसचिव ने अंबिकापुर कुलसचिव को इस संबंध में पत्र लिखकर जानकारी मांगी।

## हाथी बच्चे का शव मिलने से मची वन विभाग में सनसनी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

सुबह जंगल मे हाथी शावक के शव मिलने से वन विभाग के साथ साथ क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वन मण्डल रायगढ़ के घरघोड़ा वन परिक्षेत्र में एक डेढ माह के हाथी शावक का शव मिला। जिसकी सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर विभागीय कार्यवाही की। जिसके बाद हाथी के शव का पोस्टमार्टम कर दफना दिया गया है। बताया जा रहा है कि कतमरा के जंगल कोटरीमाल वन परिक्षेत्र में पिछले कुछ समय से जंगली हाथियों का एक दल विचरण रहा है। जिसमें 2 नर, चार मादा समेत 5 शावक हाथी है। वन विभाग द्वारा हाथी शावक की मौत संभवत लू लगने से होने की संभावना जताई जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो सकता है।



# आखिर कहां से बार-बार दुनिया में प्रकोप दिखाती हैं महामारियां, क्या चिंता की जरूरत

सारी दुनिया में 1960 के दशक के मध्य में चेचक की बीमारी के उन्मूलन के लिए कदम उठाए जा रहे थे। तब उन्मूलन की प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के लिए चेचक मरीजों को ढूंढ़ने की खातिर नियमित रूप से सघन जांचें चलती रहती थीं। वर्ष 1970 में, ऐसी ही एक जांच के दौरान अफ्रीका के देश जायरे (जिसे आजकल डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो कहा जाता है, जहां चेचक का आखिरी मरीज 1968 में मिला था) में नौ साल के एक बच्चे में चेचक से मिलते-जुलते लक्षण और शरीर पर चकत्ते मिले।

जब सैंपल की जांच की गई, तो चेचक का विषाणु नहीं मिला। दुनिया की अन्य विषाणु प्रयोगशालाओं में बात करने के बाद पता चला कि उस बच्चे को जो बीमारी थी, वह उससे पहले मनुष्यों में कभी नहीं पाई गई थी। हां, यही विषाणु डेनमार्क की एक प्रयोगशाला में कुछ बंदरों में वर्ष 1958 में पाया गया था और तब उसको मंकीपॉक्स वायरस नाम दिया गया था। अब हम जानते हैं कि मंकीपॉक्स एक जूनोटिक अर्थात जानवरों से इंसानों में फैलने वाली बीमारी है।

वर्ष 1970 के बाद से मंकीपॉक्स बीमारी के मरीज अफ्रीका के 11 देशों में नियमित रूप से मिलते रहे हैं और इन देशों को इस बीमारी के लिए एंडेमिक (स्थानीय महामारी) माना जाता है। वर्ष 2017 से नाइजीरिया में मंकीपॉक्स बीमारी का प्रकोप चल रहा है और पिछले पांच वर्षों में अकेले नाइजीरिया में 550 मरीज मिले हैं और कुछ की मृत्यु भी हुई है। अफ्रीका के इन 11 देशों के बाहर पहली बार मंकीपॉक्स के मरीज वर्ष 2003 में अमेरिका में मिले थे।

दरअसल अफ्रीका से लाए गए कुछ जानवरों के साथ ये विषाणु अमेरिका पहुंचे और उसके बाद वहां के जानवरों से होते हुए इंसानों में इसके संक्रमण के मामले आए। तब से, कुछ अन्य देशों, जैसे कि इस्राइल और सिंगापुर में भी इसके मरीज मिले हैं। फिर, मई, 2022 में अचानक जैसे कुछ बदल गया। विगत छह मई को ब्रिटेन में एक व्यक्ति में मंकीपॉक्स की बीमारी मिली। यह व्यक्ति 20 अप्रैल को नाइजीरिया गया था और तीन मई को वहां से वापस लौट आया।

तब से जून के दूसरे सप्ताह तक, यूरोप, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया महाद्वीपों के 29 देशों में मंकीपॉक्स बीमारी के करीब



कोविड के बाद मंकीपॉक्स

> आज के समय में, जब दुनिया एक-दूसरे से जुड़ी हुई है, बीमारियों के एक देश से दूसरे देशों में फैलने की पूरी आशंका रहती है। कोविड-19 महामारी इसका जीवंत और ताजा उदाहरण है। भारत में भी अब तक मंकीपॉक्स विषाणु या उसका मरीज नहीं मिला है।

1,000 मामले मिल चुके हैं। इनमें से अधिकतर देशों में यह बीमारी पहले कभी नहीं मिली थी। मंकीपॉक्स, चेचक विषाणु के परिवार का ही है। इस वायरस के दो प्रकार हैं, एक पश्चिमी अफ्रीकी रूप और दूसरा मध्य अफ्रीकी या कांगो बेसिन रूप। संक्रमण के बाद लक्षण आने में पांच से 21 दिन तक लग सकते हैं। लक्षणों में बुखार, शरीर दर्द और ग्रंथियों में सूजन आना मुख्य हैं।

जहां पर यह बीमारी फैल रही है, वहां शरीर में चकत्ते बनना और ग्रंथियों में सूजन आना मंकीपॉक्स का संदेह देते हैं। बच्चों, गर्भवती महिलाओं और कमजोर प्रतिरक्षा वाले व्यक्तियों में इस बीमारी के गंभीर होने का खतरा अधिक रहता है। इस बीमारी में एक से 10 प्रतिशत संक्रमित की मृत्यु हो जाती है। अभी के प्रकोप में पश्चिमी अफ्रीकी रूप फैल रहा है, जो तुलनात्मक रूप से कम खतरनाक है। जैसा कि अधिकतर विषाणुजनित बीमारियों में होता है, इसकी कोई कारगर दवा नहीं है, और लक्षणों के आधार पर ही इसका इलाज किया जाता है।

मंकीपॉक्स के लिए कोई टीका नहीं है, परंतु चेचक का टीका इस बीमारी से भी बचाव करता है। लेकिन दुनिया से चेचक उन्मूलन के बाद वर्ष 1980 से चेचक का टीका लगना बंद हो गया था। जो लोग इसके पहले पैदा हुए थे, उनकी प्रतिरक्षा कितनी हो सकती है, यह कहना मुश्किल है। वर्ष 1980 के बाद पैदा हुए लोग अर्थात जिनकी उम्र 42 साल या उससे कम है, उन्हें कभी चेचक का टीका नहीं लगा है और कोई प्रतिरक्षा नहीं है। फिलहाल, चेचक के कुछ टीके अमेरिका तथा यूरोप के कुछ देशों में भंडारित रखे हुए हैं, लेकिन अधिकतर देशों में यह टीका उपलब्ध नहीं है, जिनमें भारत भी शामिल है।

आज के समय में, जब दुनिया एक-दूसरे से जुड़ी हुई है, बीमारियों के एक देश से दूसरे देशों में फैलने की पूरी आशंका रहती है। कोविड-19 महामारी इसका जीवंत और ताजा उदाहरण है। भारत में भी अब तक मंकीपॉक्स विषाणु या उसका मरीज नहीं मिला है। अभी हो रहे प्रकोप (ऑउटब्रेक) में बीमारी के प्रसार को देखते हुए अगर आने वाले समय में भारत में भी मंकीपॉक्स का एक या अधिक मरीज आ जाए, तो कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी। वैसे भी, पिछले कुछ वर्षों में भारत में कई नए विषाणु मिले हैं-जिनमें निपाह, जीका और वेस्ट नाइल वायरस भी शामिल हैं।

इसलिए, केंद्र और राज्य सरकारों को पूरी तैयारी रखनी चाहिए। विशेषज्ञ मानते हैं कि भले ही पिछले एक महीने में मंकीपॉक्स के मरीज कई देशों में मिले हैं, लेकिन इसके कोविड-19 की तरह वैश्विक महामारी में तब्दील होने की आशंका नहीं है। इसकी वजह यह है कि मंकीपॉक्स एक पुराना वायरस है, और इसकी रोकथाम के तरीके ज्ञात हैं। यह इतना संक्रामक भी नहीं है।

चंद्रकांत लहारिया

## संपादकीय

### कड़वी हकीकत का अहसास

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपमान का घूंट पी लिया है। कारण बढ़ती महंगाई और दूसरी आर्थिक दिक्कतें हैं। इनकी वजह से पश्चिमी देशों में ये अहसास गहराने लगा है कि यूक्रेन मसले पर आर्थिक युद्ध का पहला दौर रूस ने जीत लिया है। इसे जो बाइडेन की मजबूरी ही समझा जाएगा कि उन्हें सऊदी अरब जाने की योजना बनानी पड़ी है। 2020 में राष्ट्रपति चुनाव के समय बाइडेन ने सऊदी प्रिंस सलमान को दंडित करने का संकल्प लिया था। प्रिंस सलमान पर अखबार वॉशिंगटन पोस्ट के स्तंभकार जमाल खशोगी की हत्या करवाने का आरोप है। बहरहाल, यूक्रेन युद्ध ने हालाता इस तरह बदले कि मार्च में बाइडेन को खुद प्रिंस सलमान को फोन करना पड़ा। उधर प्रिंस की हिमाकत ऐसी कि उन्होंने फोन लेने से इनकार कर दिया। लेकिन ये अपमान भी बाइडेन पी गए। इसलिए यूक्रेन युद्ध के बाद बढ़ी तेल की महंगाई से बढ़ रही मुश्किलों का उन्हें कोई हल ढूंढना है। इसी कोशिश में उन्होंने वेनेजुएला से भी संपर्क साधा, जबकि अमेरिका ने वहां के राष्ट्रपति निकोलस मदुरो को मान्यता तक नहीं दे रखी है। तो इसी मजबूरी में बाइडेन इसी महीने सऊदी अरब जाएंगे। ये खबर एक अमेरिकी अखबार ने दी है। दरअसल, बढ़ती महंगाई और दूसरी आर्थिक दिक्कतों के बीच पश्चिमी देशों में ये अहसास गहराने लगा है कि यूक्रेन मसले पर आर्थिक युद्ध का पहला दौर रूस ने जीत लिया है। सैनिक मोर्चे पर भी रूस को लगातार मिल रही सफलताओं से भी पश्चिमी राजधानियों में मायूसी का माहौल है।

# परिवारवाद की राजनीति के खतरे, सत्ता के गलियारे में वोट बैंक और तुष्टिकरण का लक्ष्य

*आजादी के बाद हमारे संविधान निर्माताओं ने देश में लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने और गरीब से गरीब व्यक्ति को इस व्यवस्था में आगे बढ़ने हेतु समान अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बहुदलीय लोकतांत्रिक व्यवस्था अपनाई थी। हमारे संविधान और लोकतंत्र की मूल अवधारणा ही गरीब से गरीब व्यक्ति के सशक्तीकरण की थी। कालांतर में देश के लोगों का विश्वास इस बहुदलीय लोकतांत्रिक व्यवस्था से डगमगाने लगा था।*

ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि एक तो आजादी के आंदोलन के लिए बनी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस बाद में परिवार केंद्रित पार्टी हो गई। दूसरा यह कि अलग-अलग राज्यों में परिस्थितिवश जिन क्षेत्रीय दलों का उदय हुआ, उन सभी पार्टियों पर परिवारवाद ने कब्जा जमा लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बार-बार परिवारवाद की राजनीति के खतरे से देश को आगाह किया है। अब समय आ गया है कि समाज और राष्ट्र के विकास के लिए इस पर गंभीर चिंतन किया जाए और परिवारवाद की राजनीति खत्म की जाए। विगत करीब चार-पांच दशक से परिवारवादी पार्टियों ने हर क्षेत्र में प्रतिभाओं का गला घोंटा और राज्यों का विकास भी अवरुद्ध किया। इनका एकमात्र लक्ष्य किसी न किसी तरह से सत्ता हासिल करना और सत्ता में बने रहना ही हो गया। इन्होंने वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति करनी



आजादी के बाद

> आम जन चुनावों में परिवार आधारित दलों की बढ़ती संख्या से निराश हैं। भारतीय राजनीति में व्यापक सुधारों की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने कई बार चुनाव सुधार पर बात की है। इस पर विचार होना चाहिए। भाजपा परिवारवादी पार्टियों से लगातार लड़ रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में काफी हद तक जातिवाद, परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति पर अंकुश लगा है।

शुरू की। इन परिवारवादी पार्टियों की सरकारों के शब्दकोश से 'सर्वांगीण विकास% शब्द गायब होने लगा। सत्ता-स्वार्थ की राजनीति में गरीब और गरीब होते चले गए और शोषित, वंचित, दलित, पिछड़े, आदिवासी एवं महिलाओं को दोयम दर्जे का नागरिक माना जाने लगा। परिवारवाद, वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति से समाज के एक बड़े वर्ग से विकास का हक छीना जाता है। कांग्रेस और दूसरी परिवारवादी पार्टियों ने, इनके वोट बैंक और राजनीति ने राजनीतिक दलों को अपना बंधक बना लिया है। कोई फैसला अगर देशहित में हो, तब भी वे उसका विरोध करने में नहीं हिचकिचाते। इसकी एक झलक हमने तब भी देखी, जब इन लोगों ने संसद में अनुच्छेद 370 को खत्म करने और तीन तलाक की कुप्रथा को समाप्त करने का विरोध किया था। इनकी इसी सोच ने सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमले के भी सबूत मांगे। परिवारवादी पार्टियों को देश की नहीं, वोट बैंक की, अपने परिवार की चिंता रहती है।

उन्हें देश के गरीबों की नहीं, अपनी तिजोरी की चिंता रहती है। यही कारण है कि आजादी के 70 साल बाद भी देश की लगभग तीन चौथाई आबादी के पास अपना बैंक एकाउंट तक नहीं था, गरीब महिलाओं के पास गैस सिलिंडर नहीं था, गरीबों के पास कोई स्वास्थ्य बीमा नहीं था, पक्का घर नहीं था। आम जन चुनाव में परिवारवाद, वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति से क्षुब्ध और उद्वेलित थे। भाजपा अंत्योदय, एकात्म मानववाद और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की विचारधारा पर अडिग है।

इसलिए वह कल भी परिवारवाद की राजनीति से मुक्त थी, आज भी मुक्त है और आगे भी परिवारवाद, जातिवाद, वोट बैंक और तुष्टिकरण के नासूर से मुक्त रहेगी। भाजपा में आज कोई अध्यक्ष है, तो कल कोई और बनेगा, जबकि इन परिवारवादी पार्टियों में एक ही परिवार के लोग पार्टी के सर्वोच्च पदों, और सत्ता में रहने पर सत्ता के शीर्ष पदों पर होते हैं। हर योजना एवं नीति को क्षेत्रवाद और संप्रदायवाद का रंग देने का प्रयास देश के भविष्य के लिए चिंता का विषय है।

अनिल बलूनी

## मिला जुला

# अपने परमाणु हथियार का विस्तार कर रहा भारत, पाकिस्तान और चीन भी नहीं हैं पीछेः रिपोर्ट

नई दिल्ली। स्टॉकहोम स्थित रक्षा थिंक टैंक SIPRI ने सोमवार को दावा किया कि जनवरी 2022 तक भारत के पास 160 परमाणु हथियार थे और ऐसा लगता है कि वह अपने परमाणु शस्त्रागार का विस्तार कर रहा है।



स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (SIPRI) ने एक बयान में कहा कि इसी तरह, पाकिस्तान भी अपने परमाणु शस्त्रागार का विस्तार कर रहा है। SIPRI के बयान में कहा गया है, चीन पहले से ही अपने परमाणु हथियार शस्त्रागार के विस्तार में लगा है। सेटेलाइट तस्वीरों से संकेत मिलता है कि इसमें 300 से अधिक नए मिसाइल साइलो का निर्माण शामिल है। जनवरी 2021 के साथ-साथ जनवरी 2022 में चीन के पास 350 परमाणु हथियार थे।

यह दावा किया गया है कि जहां भारत का परमाणु भंडार जनवरी 2021 में 156 से बढ़कर जनवरी 2022 में 160 हो गया, वहीं पाकिस्तान का परमाणु भंडार जनवरी 2021 और जनवरी 2022 में 165 पर बना हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया, भारत और पाकिस्तान अपने परमाणु शस्त्रागार का विस्तार करते हुए दिखाई देते हैं, और दोनों देशों ने 2021 में नए प्रकार के परमाणु वितरण प्रणाली की शुरुआत की और इसे विकसित करना जारी रखा।

आने वाले वर्षों में दुनिया के परमाणु हथियारों के भंडार में वृद्धि होने की आशंका है जिसमें शीतयुद्ध की समाप्ति के बाद से गिरावट देखी गई थी। यह बात हथियारों की निगरानी करने वाली एक संस्था 'स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआईपीआरआई) ने सोमवार को कही।

## भारत से गेहूं की डिमांड कर रहे ये 5 देश, अरब मुल्क भी शामिल

**नई दिल्ली।** पैगंबर मोहम्मद विवाद के बाद भारत को मुस्लिम देशों खासकर खाड़ी देशों में व्यापक स्तर पर आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है. इस विवाद को लेकर न सिर्फ भारत में हिंसक विरोध-प्रदर्शन हुए हैं, बल्कि कूटनीतिक चैनलों के माध्यम से बाहर भी प्रतिकूल परिस्थितियों से जूझना पड़ा है. कई खाड़ी देशों से तो ऐसी भी खबरें आईं कि वहां भारतीय सामानों का बहिष्कार किया जा रहा है. वहीं दूसरी ओर विभिन्न कारणों से दुनिया के सामने उपस्थित खाद्य संकट के बीच ऐसे पांच देशों ने भारत से गेहूं भेजने की रिक्वेस्ट की है, जहां भारत के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन हो रहे थे।



**जरूरत और उपलब्धता का हो रहा मूल्यांकन**

खबरों की मानें तो भारत को गेहूं के सबसे बड़े खरीदार इंडोनेशिया और बांग्लादेश समेत 5 देशों से गेहूं के लिए रिक्वेस्ट मिली हैं. खबरों में एक सरकारी अधिकारी के हवाले से कहा जा रहा है, 'गेहूं के निर्यात पर रोक लगाने के बाद भारत को इंडोनेशिया, बांग्लादेश, ओमान, संयुक्त अरब अमीरात और यमन से गेहूं के लिए अनुरोध मिले हैं. सरकार गेहूं की उनकी जरूरतों और घरेलू बाजार में इसकी उपलब्धता का मूल्यांकन कर रही है।'

# बंगाल में लोकल ट्रेन पर भीड़ ने किया पथराव, बेथुआधारी रूट पर सभी ट्रेनें बंद

**पश्चिम बंगाल** के नदिया जिले में पैगंबर पर विवादित टिप्पणी के खिलाफ स्थानीय लोगों ने विरोध मार्च निकाला। लेकिन इस दौरान भीड़ अचानक बेकाबू हो गई। नदिया जिले के बेथुआधारी में एक लोकल ट्रेन पर हजारों की भीड़ ने हमला बोल दिया। करीब एक हजार लोगों की अनियंत्रित भीड़ ने ट्रेन पर अचानक पथराव शुरू कर दिया। इस घटना में कुछ लोग घायल भी हुए हैं।

### हिंसा पर पूर्व रेलवे ने जारी किया बयान

नदिया जिले के बेथुआधारी में ट्रेन पर पथराव के मामले में पूर्वी रेलवे का बयान भी सामने आया है। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी एकलव्य चक्रवर्ती ने बताया कि एक हजार लोगों की अनियंत्रित भीड़ ने ट्रेन पर पथराव किया। इसमें कुछ लोग घायल हुए हैं। अभी तक, इस रूट पर कोई ट्रेन नहीं चल रही है। चक्रवर्ती ने कहा कि हम राज्य सरकार की अनुमति का इंतजार कर रहे हैं।



### बंगाल में लगातार हो रही हिंसा

बता दें कि पैगंबर पर नुपुर शर्मा की विवादित टिप्पणी को लेकर पश्चिम बंगाल में लगातार हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने शनिवार को भी पुलिस पर पत्थर फेंके थे। इसके जवाब में पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़कर भीड़ को तितर-बितर किया था। उपद्रव हावड़ा के पंचला बाजार में हुआ था जहां पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़प भी हुई। कल इस घटना के बाद देर शाम मुर्शिदाबाद में हिंसा भड़क गई।

# नूपुर शर्मा, नवीन जिंदल की बढ़ीं मुश्किलें, अब भिवंडी पुलिस ने किया तलब

**महाराष्ट्र** में भिवंडी पुलिस ने निलंबित बीजेपी प्रवक्ता नूपुर शर्मा को पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के सिलसिले में सोमवार को बयान दर्ज कराने के लिए तलब किया है. एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी. वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक चेतन काकड़े ने मीडियाकर्मियों से बातचीत में बताया कि नूपुर के अलावा बीजेपी से निष्कासित पदाधिकारी नवीन कुमार जिंदल को भी ठाणे जिले की भिवंडी पुलिस ने पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ कथित विवादास्पद ट्वीट पर 15 जून को



अपना बयान दर्ज करने के लिए कहा है। उन्होंने बताया कि रजा एकेडमी के एक प्रतिनिधि द्वारा 30 मई को दर्ज कराई गई शिकायत के बाद भिवंडी पुलिस ने शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया था. पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्होंने नवीन जिंदल के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है. इससे पहले ठाणे में मुंब्रा पुलिस ने नूपुर शर्मा को 22 जून को उनके समक्ष पेश होने के लिए और मोहम्मद साहब पर अपनी टिप्पणी के लिए अपना बयान दर्ज कराने को कहा था।

प्रयागराज

# 3 जेसीबी 2 मंजिला इमारत...और 5 घंटे में जमींदोज हुआ मास्टरमाइंड जावेद का घर

**प्रयागराज।** प्रयागराज में 10 जून को हुई हिंसा मामले के मास्टरमाइंड बताए जा रहे जावेद मोहम्मद उर्फ जावेद पंप के घर रविवार को बुलडोजर चला. अटाला इलाके में हिंसा के मुख्य आरोपी के घर को गिराने की प्रक्रिया पूरी हो गई है. 3 जेसीबी ने 2 मंजिला इमारत को गिराया. 5 घंटे तक चली कार्रवाई के बाद ध्वस्तीकरण का काम पूरा हो गया है. प्रयागराज में आज कई घंटों की मशक्कत के बाद जावेद के घर को जमींदोज किया गया. प्रशासन को इस कार्रवाई में किसी तरह की



दिक्कत ना हो, इसके लिए भारी पुलिस बल तैनात किए गए थे. सबसे पहले जावेद के घर का मेन गेट बुलडोजर के निशाने पर था. इस दौरान ये भी ध्यान में रखा गया कि आसपास के घरों को कोई नुकसान ना पहुंचे. इस कार्रवाई को प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने पूरा किया है। ध्वस्तीकरण का मामला पहले से ही संज्ञान में था और कागजी कार्रवाई भी चल रही थी. जावेद पंप को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है. इस कार्रवाई पर PDA का कहना था कि उसकी ओर से 10 मई को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था. जावेद पंप को 24 मई को सुनवाई के लिए पेश होना था, लेकिन ना ही वो पेश हुआ और ना ही उसने कोई जवाब दिया। PDA का कहना था कि जावेद पंप ने बिना अनुमति के ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर पर 250X60 फीट का निर्माण कराया है।

# तेजी से बढ़ रहा कोरोना का ग्राफ, 50 हजार के करीब पहुंचे एक्टिव केस

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस का ग्राफ फिर डरा रहा है. पिछले 24 घंटे में कोरोना के 8 हजार से ज्यादा (8,084) केस आए हैं. इसके अलावा 10 मरीजों की मौत भी हो गई है. चिंता की बात यह है कि कोविड के एक्टिव केस 50 हजार के करीब पहुंच गए हैं. फिलहाल भारत में सक्रिय मामले 47,995 हो गए हैं. वहीं संक्रमण दर 3.24 फीसदी है। कोविड केस आज कल (8329) के मुकाबले कम आए हैं. लेकिन लगातार दूसरे दिन यह आंकड़ा 8 हजार से ऊपर है.



# जिला लघु वनोपज संघ में भ्रष्टाचार बेलगाम

## लाख की फर्जी बिक्री-खरीदी में लाखों का गोलमाल

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

**जिला लघु वनोपज संघ द्वारा महासमुंद जिले में पहली बार वनधन योजना के तहत की गई 卐लाख卐 की खरीदी में लाखों का गोलमाल किया गया है। साल 2015-16 में समर्थन मूल्य पर जिला वनोपज संघ द्वारा 10 प्राथमिक समितियों के माध्यम से लाख की फर्जी बिक्री-खरीदी बताकर बड़ी आर्थिक अनियमितता बरती गई और शासन की आंखों में धूल झोंककर कमाई गई राशि का आपसी बंदरबांट भी कर दिया गया है।**



मामले की उच्च स्तर पर शिकायत होने के बाद जांच की नौटंकी के साथ मामला ठण्डे बस्ते में डाल दिया गया है।

ज्ञातव्य है कि जिला वनोपज संघ द्वारा प्राथमिक समितियों के माध्यम से कुल 136 बार में 1 करोड़ से भी अधिक रूपयों का लाख खरीदा जाना दस्तावेजों में दर्ज है। इनमें अधिकांश ऐसे लोग है जिनका लाख पालन या संग्रहण और क्रय विक्रय से न कभी लेना देना था और ना है। फिर भी लाख के फर्जी खरीदी और भुगतान के खेल में अन्य ग्रामीण, किसान-मजदूर, तेंदुपत्ता फड़ मुंशी और उनके परिजनों को लाख बेचने पर लाखों रूपये का भुगतान बताया गया है।

प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति मोहंदी में ग्राम नवागांव (हाड़ाबंद) की दंपत्ति पुरूषोत्तम पिता बलदाउ और प्रभा पति पुरूषोत्तम से 45 हजार 310 रूपये की लाख खरीदी किया जाना दरसाया गया है। जबकि वास्तवित तथ्य यह है कि ग्राम नवागांव में न कोई पुरूषोत्तम रहता है और न ही कोई प्रभा रहती है। मोहंदी समिति में ही तेंदुपत्ता फड़ मुंशी ग्राम अरण्ड निवासी कन्हैया एवं उसकी पत्नि संध्या को लाख बेचने पर 1 लाख 68 हजार तथा कन्हैया के अन्य परिजनों को 60 हजार 130 रूपये का भुगतान यिा जाना बताया है। अरण्ड के ग्रामीणों के अनुसार गांव का एक भी व्यक्ति आज तक लाख पालन या क्रय विक्रय के काम में शामिल नहीं हुआ है। फड़ मुंशी कन्हैया और उसका परिवार भी लाख पालन और क्रय विक्रय से पुर्णतः अलग है। फिर भी उन्हें लाख विक्रेयता बताकर लाखों का भुगतान कर दिया गया है।

मोहंदी समिति में ही बोगस खरीदी के तहत ग्राम हाड़ाबंद निवासी फड़ मुंशी टीकाराम सेन की पत्नि अर्चना भी लाख विक्रेयता बताई गई है और 38 हजार 970 रूपये का भुगतान बताया गया है। जबकि खुद अर्चना के पति टीकाराम ने पत्नि द्वारा लाख बेचने और भुगतान पाने की बात से साफ इंकार किया है।

उल्लेखनीय है कि प्राथमिक समिति तमोरा में ग्राम कुर्रूभांठा निवासी मिलन सिंह विश्वकर्मा और परिवार द्वारा 18 लाख 15 हजार 510 रूपये का लाख बेचे जाने के बाद भी आमाकोनी समिति में भी पृथक से 4 लाख 80 हजार रूपये का भुगतान पाना पूर्णतः संदेहास्पद तथा वास्विकता से परे है।

आमाकोनी समिति में भी ग्राम डुमरडीह निवासी इतवारी राम पिता सुखराम और अन्य परिजनों से 6 लाख 93 हजार 200 रूपये तथा ग्राम आमाकोनी के बलीराम पिता बनिहार और अन्य परिजनों से 5 लाख 53 हजार 960 रूपये मूल्य की लाख खरीदी की गई है। इस गड़बड़ी की जांच पर और भी चौकाने वाले तथ्य उजागर होंगे। प्राथमिक समिति मुढ़ीपार में उल्लेखित अवधी के दौरान केवल स्व सहायता समूहो से ही लाख खरीदना बताया गया है। इनमें से 5 समूह एक ही गांव धनौरा से है। जबकि 2 अन्य समूह अन्य ग्रामों से है। धनौरा ग्राम के कावेरी समूह को नियम विरूद्ध ढंग से नगद भुगतान भी बताया गया है। जांच में कागजी स्व सहायता समूह की सच्चाई सामने आ जाएगी।

चरोदा समिति में भी लाख की बोगस खरीदी और भुगतान के कारनामे को अंजाम दिया गया है। ग्राम आंवराडबरी की आधा दर्जन महिलाओं को लघु वनोपज लाख बेचने पर 3 लाख 11 हजार 600 रूपये के भुगतान किया जाना दस्तावेजों में दर्ज है। इसी समिति में ग्राम आमाकोनी के मायावती ध् लोभसिंह तथा भुनेश्वरी ध् महेश द्वारा भी 1 लाख 39 हजार 200 रूपये लाख बेचना बताया गया है। जबकि आमाकोनी में ही बिक्रय की सुविधा उपलब्ध होने से लाख विक्रेयता द्वारा दुरस्त समिति ने लाख बेचा जाना अपने आप में संदेह जनक है। सिंगरूपाली समिति में एक ही ग्राम कुर्रूभाठा के आनंद राम, इसर, पुनित, रामलाल गोड़ और कन्हैया कंवर को डेढ़-डेढ़ लाख रूपये की लाख खरीदी में समानता को स्वाभाविक नहीं माना जा सकता।

इसी तरह के अनेक तथ्यों को उदघृत करते हुये राज्यपाल, मुख्यमंत्री, वन मंत्री, मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन और मुख्य वन्य संरक्षक तथा मुख्य महाप्रबंधक छग राज्य लघु वनोपज संघ मर्या. से जिला युनियम महासमुंद के प्रबंध संचालक समिति प्रबंध को और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों के बोगस खरीदी और शासन से धोखाधड़ी में शामिल होने पर लिखित शिकायत करते हुये जांच की मांग की गई थी जिस पर उप प्रबंधक रायपुर वृत्त द्वारा जांच की कार्रवाई के नाम पर शिकायतकर्ता स्वतंत्र पत्रकार मानिक गुप्ता सहित अन्यों के बयान लिये जा चुके है लेकिन कार्रवाई आज तक शून्य है।

### 34 हजार कीड़े बनाते है 1 किलो ग्राम लाख

*लाख एक प्राकृतिक राल है बाकी सब राल कृत्रिम हैं। इसी कारण इसे 'प्रकृत का वरदान' कहते हैं। लाख के कीट अत्यन्त सूक्ष्म होते हैं तथा अपने शरीर से लाख उत्पन्न करके हमें आर्थिक सहायता प्रदान करते हैं। वैज्ञानिक भाषा में लाख को 'लेसिफर लाखा' कहा जाता है। 'लाख' शब्द की उत्पत्ति संस्कृत के 'लक्ष' शब्द से हुई है, संभवतः इसका कारण मादा कोष से अनगिनत (अर्थात् लक्ष) शिशु कीड़ों का निकलना है। लगभग 34 हजार लाख के कीड़े एक किग्रा. रंगीन लाख तथा 14 हजार 4 सौ लाख के कीड़े एक किग्रा. कुसुमी लाख पैदा करते हैं।*

### आसान है लाख की खेती

भारत जैसे कृषि प्रधान देश में फसलों की खेती के साथ-साथ कीड़ों की खेती भी की जाती है। इन कीड़ों की खेती के अंतर्गत मधुमक्खी पालन, रेशम कीट पालन तथा लाख कीटों की खेती की जाती है। मधुमक्खी पालन एवं रेशम कीट पालन हेतु विशेष ज्ञान की आवश्यकता के साथ समय भी काफी देना पड़ता है लेकिन लाख कीट पालन में थोड़े तकनीकी ज्ञान से तथा कम समय देकर इसकी खेती आसानी से की जा सकती है।

## एक नजर

### शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिलदहा में शाला समस्त सम्माननीय सदस्यों का बैठक किया गया



जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

ग्रीष्माअवकाश के पश्चात् 16 जून 2022 से शाला प्रारंभ के पूर्व संचालन की आवश्यक तैयारी हेतु शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिलदहा में शाला प्रबंधन विकास समिति एवं मध्यान्ह भोजन स्व-सहायता समूह के समस्त सम्माननीय सदस्यों का बैठक किया गया जिसमें शाला प्रवेश उत्सव एवं शत-प्रतिशत बच्चों का शाला में प्रवेश एवं ठहराव सुनिश्चित करते हुए उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदा न करने विषय पर विस्तृत चर्चा किया गया है इस अवसर पर शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्षा भुवनेश्वरी,मध्यान्ह भोजन स्व-सहायता समूह के अध्यक्षा अनिता बिरको, प्रधान पाठक शिवकुमार छत्रवांणी, शिक्षक राजेन्द्र कुमार गंधर्व, हरीश जायसवाल,सदस्य रमेश साहु, करूणा शयामले,सरजू बाई (पंच), सुनीता बिरको आदि उपस्थिति रहे ।

### मंदिर से जेवर और नकदी चोरी

**महासमुंद ।** बसना गढफुलझर स्थित प्रसिद्ध रणेश्वर रामचंडी मंदिर से शुक्रवार रात चोरों ने दान पेटी का ताला तोड़कर नकदी और सोना चांदी के जेवर पार कर दिए। शनिवार सुबह चोरी की सूचना मिलते ही समिति के अध्यक्ष ने थाने में एफ्आईआर दर्ज कराई। थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस निखिल रायखेचा का कहना है कि मंदिर में चोरी हुई है। पुलिस के अनुसार ग्राम नानकसागर निवासी व रामचंडी मंदिर संचालन समिति गढफुलझर के अध्यक्ष कमलचंद प्रधान ने बताया कि शनिवार सुबह 7 बजे मंदिर के पुजारी प्रमोद प्रधान की सूचना पर मंदिर आकर देखा तो मंदिर का ताला टूटा हुआ था और मंदिर के सामने दान पेटी भी टूटा हुआ था। अंदर गर्भगृह की आलमारी का भी ताला टूटा था।

विश्व रक्तदान दिवस विशेष

# सुकमा के जसराज जैन रायपुर में होंगे सम्मानित

***भारत के सभी राज्य में हर 3 महीने में रक्तदान करने के जुनून को पूरा करने चाहते जसराज***

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

**छत्तीसगढ़ की राज्यपाल एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की अध्यक्ष सुश्री अनसुइया उइके की अध्यक्षता में विश्व रक्तदान दिवस 14 जून को दरबार हॉल, राजभवन रायपुर में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय रक्तदाता सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले से सर्वाधिक रक्तदान करने वाले एक रक्तदाता को सम्मानित किया जाएगा।**




सुकमा जिला से जसराज जैन को जिले के अंतर्गत सर्वाधिक रक्तदान करने के लिए सम्मानित किया जायेगा। सुकमा निवासी 37 वर्षीय जसराज जैन पेशे से कपड़ा व्यवसायी हैं, जनहित में कार्य करने को सदैव तत्पर और जुझारू रहते हैं। उन्होंने सुकमा जिला सहित दंतेवाड़ा, बीजापुर और जगदलपुर में रक्तदान किया है। वहीं ओड़िसा के मलकानगिरी और तेलंगाना के भद्राचलम में भी वे रक्तदान का पुण्य कार्य किए हैं। सुकमा के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सह सचिव इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी ने बताया कि जसराज जैन अभी तक विभिन्न स्थानों में कुल 23 बार रक्तदान कर चुके हैं। जसराज जैन ने बताया की उनका लक्ष्य है छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों सहित भारत के सभी राज्य में हर 3 महीने में रक्तदान करना। अब तक उन्होंने छत्तीसगढ़, ओडिशा और तेलंगाना में रक्तदान किया है। अब चौथे राज्य के रूप में महाराष्ट्र के किसी भी जिले में 25 से 30 जून के बीच मे रक्तदान करेंगे।

### रक्तदान को कहा जाता है महादान

गौरतलब है कि हर साल 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को रक्तदान के प्रति जागरुक करना है, ताकि आप इस महादान के तमाम फायदों को समझ सकें और दूसरों के जीवन को बचाने में अपनी भूमिका निभा सकें।रक्तदान को महादान कहा जाता है क्योंकि रक्तदान सिर्फ किसी व्यक्ति की जान नहीं बचाता, बल्कि आपकी सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद माना जाता है। रक्तदान से आपका शरीर कई तरह की बीमारियों से बचा रहता है, शरीर में आयरन संतुलित रहता है। ऐसे में हृदय तमाम बीमारियों के जोखिम से बचा रहता है। साथ ही कैंसर की आशंका भी कम होती है। साथ ही दिमाग को भी सकारात्मकता मिलती है।

### कुछ ही दिनों में बढ़ जाता है खून

***लोगों को लगता है कि ब्लड डोनेट करने से शरीर में खून की कमी हो जाएगी और काफी कमजोरी आएगी। लेकिन जब आप रक्तदान करते हैं तो आपका शरीर खून की कमी को पूरा करने में जुट जाता है। इससे लाल रक्त कोशिकाओं का स्तर अगले कुछ महीने में बराबर हो जाता है। रक्तदान से पहले आपके शरीर की जरूरी जांचें की जाती हैं। आपकी रिपोर्ट्स जब ठीक होती है, तो ही आपको ब्लड डोनेशन के लायक समझा जाता है और तभी आपका ब्लड लिया जाता है। ऐसे में रक्तदान से पहले हुए हेल्थ चेकअप से आपको अपनी सेहत का पता चल जाता है।***

# भूमि पूजन कार्यक्रम में श्री सिद्ध बाबा आश्रम पहुंचे लोकसभा सांसद अरुण साव

जोहार छत्तीसगढ़-बिलासपुर।



लोकसभा सांसद अरुण साव ने सांसद निधि से 10 लाख की राशि के शेड निर्माण कार्य का भूमि पूजन रविवार की सुबह बिलासपुर लोकसभा सांसद ने बेलगहना के श्री सिद्ध बाबा आश्रम पहुंचे जहां श्री सिद्ध बाबा के चरणों मे नमन वंदन कर स्वामी श्री शिवानंद जी महराज का आशीर्वाद प्राप्त किया साथ ही समिति के सदस्यों व सांसद के आग्रह पर स्वामी शिवानंद जी महाराज भूमि पूजन स्थल पहुंचे जहां भक्तों आश्रम समिति, सदस्यों व श्रद्धालुओं के बीच स्वामी शिवानंद जी महाराज व श्री साव के द्वारा भूमि पूजन किया गया ज्ञात हो कि सांसद साव ने बेलगहना क्षेत्र से की गई विभिन्न मांगों में शेड निर्माण कार्य को प्रमुखता देते हुए सांसद मद से 10 लाख के शेड निर्माण की अनुशंसा की थी। जिसकी स्वीकृति पश्चात भूमि पूजन किया गया। यह आश्रम समिति के साथ साथ क्षेत्र के लोगों के द्वारा की जाने वाली वर्षों पुरानी मांग पूरी होने पर क्षेत्र वासियों में खुशी का माहौल है पूरे कार्यक्रम के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष बेलगहना राजेश कश्यप, महामंत्री विश्वनाथ पटेल,अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष लखन पैकरा, छजका विधायक प्रतिनिधि मनोज गुप्ता,एवं आश्रम समिति के समस्त पदाधिकारी व भक्तगण मौजूद रहे।

# यातायात पुलिस ने जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीणों को किया गया जागरूक

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।




पुलिस अधीक्षक सुकमा सुनील शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल के निर्देशानुसार एवम उप पुलिस अधीक्षक यातायात अमित देवांगन के मार्गदर्शन में

सोमवार को यातायात पुलिस सुकमा द्वारा जागरूकता अभियान के तहत सप्ताहिक बाजार सुकमा में दूरदराज से आए हुए ग्रामीणों, वाहन चालकों को पाम्प्लेट वितरण कर व लाउड हेलर के माध्यम से दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने व तेज रफ्तार वाहन न चलाने, शराब सेवन कर वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने तथा वाहनों में ओवरलोडिंग नहीं करने, क्षमता से अधिक सवारी नहीं बैठाने, राष्ट्रीय, राजकीय राजमार्ग मे अवैधानिक पार्किंग नहीं करने, वाहनों की बीमा की अनिवार्यता वाहन से संबंधित दस्तावेज आदि यातायात नियमों के बारे में समझाईश देकर जागरूक किया गया।

# समय अनुशासन का अनिवार्य रूप से करें पालन- कलेक्टर विनीत नंदनवार

## संयुक्त जिला कार्यलय का किया औचक निरीक्षण, उपस्थिति पंजी जांची

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

सोमवार को सुबह 10 बजे दफ्तरों के दरवाजे खुलते ही कलेक्टर विनीत नंदनवार ने संयुक्त जिला कार्यलय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम सुकमा सुश्री प्रीति दुर्गम भी उपस्थित रहीं। श्री नंदनवार ने संयुक्त जिला कार्यालय में संचालित सभी विभागों की उपस्थिति पंजी की स्वयं जांच की और अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति का अवलोकन किया। इस दौरान अनुपस्थित पाए गए समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ ही उनका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं।



**अनुपस्थित अधिकारी कर्मचारियों पर कार्यवाही के दिए निर्देश**

उन्होंने अवकाश पर गए अधिकारी कर्मचारियों के आवदेन भी जांचे और स्वीकृत अवकाश दिवस से अधिक दिन छुट्टी पर रहने वालों पर भी सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया है।

*सहायक संचालक,

### उद्यानिकी विभाग पर जताई नाराजगी

कलेक्टर नंदनवार एवं एसडीएम सुश्री प्रीति दुर्गम ने अनुपस्थित अधिकारियों से दूरभाष के माध्यम से बात कर, कार्यलय में समय पर उपस्थित ना रहने का कारण जाना। इस दौरान उद्यानिकी विभाग सुकमा में पदस्थ सहायक संचालक हितेश नाग द्वारा असंतोषजनक जवाब दिए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा है कि सप्ताह के पहले दिवस ही कार्यालय में अनुपस्थित रहना, कार्य के प्रति लापरवाही और अनुशासनहीनता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि विभाग प्रमुख यह सुनिश्चित करें कि वे स्वयं समय पर कार्यालय में उपस्थित रहे, ताकि अन्य अधिकारी कर्मचारी भी समय अनुशासन का पालन करें। इसके साथ ही एसडीएम सुकमा सुश्री प्रीति दुर्गम को कार्यालयों का नियमित निरीक्षण करते रहने हेतु निर्देशित किया है।

# बेमेतरा पुलिस ने अवैध कारोबारियों के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेद्र सिंह के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक बेमेतरा पंकज पटेल, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में प्रतिदिन पूरे जिले में थाना / चौकी प्रभारियों के द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत दिनांक 12 व 13 जून 2022 को थाना बेरला एवं चौकी कंडरका पुलिस को जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि मनोज ठाकुर हसदा यादव होटल एवं ग्राम भिंभौरी का देवेन्द्र कुमार वर्मा बस स्टैण्ड यात्री प्रतिक्षालय भिंभौरी के पास व ग्राम मुडपार निवासी रामदास सोनवानी अपने घर के पास में अवैध रूप से धन अर्जित करने की नियत से शराब बिक्री कर रहा है कि सूचना पर थाना बेरला एवं चौकी कंडरका स्टाफ गवाहो के साथ मौके पर पहुचकर घेराबंदी कर पकडा गया। जिसमें 3 प्रकरण में 3 आरोपी मनोज ठाकुर पिता विष्णु प्रसाद ठाकुर उम्र 42 साल साकिन हसदा, देवेन्द्र कुमार वर्मा पिता मुंशीराम वर्मा उम्र 34 साल साकिन भिभौरी चौकी कंडरका थाना बेरला, रामदास सोनवानी पिता रजऊ सोनवानी उम्र 55 साल साकिन मुडपार थाना बेरला जिला बेमेतरा के कब्जे से 60 पौवा देशी मशाला शराब (10,800ml) कीमती 6,600/- रूपये एवं बिक्री रकम 770/- रूपये जुमला रकम 7,370/- रूपये को आबकारी एक्ट के तहत जप्त कर कार्यावाही किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना बेरला प्रभारी उप निरीक्षक नासिर खान, चौकी कंडरका प्रभारी उप निरीक्षक रंजित प्रताप सिंह, सउनि कंवल सिंह नेताम, प्रधान आरक्षक लोकेश गौसेवक, भूषण ठाकुर, नरेन्द्र मनहरे, आरक्षक संजय पाटिल, योगेश साहू, रामकुमार भारती, सुरेन्द्र जांगडे, भुषण मारकंडे, तुका राम निषाद, दिनेश निषाद एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

# बालिका-छात्रावास के बाहर अभी भी कब्जाधारी कब्जा कोटा-तहसीलदार का संरक्षण या फिर हॉस्टल-अधीक्षक का

## छात्रावास की-महिला-कर्मचारी पर 10 हजार रुपए का अर्थदंड, बावजूद हॉस्टल-महिला-कर्मचारी के हौसले बुलंद

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

**एसडीएम-कार्यालय व तहसील कार्यालय से लगे वार्ड नं-03 में स्थित बालिका-छात्रावास के बाहर मकान बनाकर बेजा-कब्जा करने वाली छात्रावास की महिला-कर्मचारी पर आखिरकार-कार्यवाही क्यो नही की जा रही है-?**

जबकि पूरा मामला तहसील-कार्यालय में वर्तमान तहसीलदार-कोटा के समक्ष प्रस्तुत किया जा चुका है-? पूरे मामले से अवगत होने के बाद कोटा तहसीलदार के द्वारा बकायदा कब्जाधारी पर 10/हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया जा चुका है-? बावजूद उसके कब्जाधारी महिला कर्मचारी आज की तारीख में भी कब्जा जमाए बैठी हुई है-? बेजा-कब्जा आखिर क्यों नही हटाया जा रहा है, क्या इस पूरे मामले में कोटा तहसीलदार या हास्टल-अधीक्षक की कोई विशेष भूमिका है, या फिर तहसीलदार कोटा सहित हॉस्टल-अधीक्षक का छात्रावास की कब्जेधारी महिला कर्मचारी को संरक्षण प्राप्त है..जिसके वजह से छात्रावास की महिला कर्मचारी के हौसले बुलंद हैं।



पूरा-मामला कोटा-तहसील-कार्यालय से लगे शासकीय-बालिका-छात्रावास का है छात्रावास की दीवार से लगे छात्रावास के मेन-गेट के बगल से ही छात्रावास की ही कर्मचारी श्रीमती रुक्मिना खंडे पति हीराराम निवासी बेलगहना द्वारा अवैध-निर्माण कराया गया है..जिसकी लिखित-शिकायत कोटा-तहसीलदार के समक्ष की गई थी...जिस पर वर्तमान तहसीलदार कोटा प्रांजल मिश्रा द्वारा संबंधित-अधिकारी को जांच के आदेश दिए गए थे जांच उपरांत-राजस्व निरीक्षक-पटवारी द्वारा पाया गया कि श्रीमती रुक्मिना-खंडे द्वारा शासकीय-छात्रावास के सामने की शासकीय-भूमि पर किया गया निर्माण-पूरी तरह से अवैध हैं..जिसके बाद तहसीलदार-कोटा के द्वारा बेजा-कब्जाधारी पर 10 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया..साथ ही कब्जाधारी द्वारा अवैध-निर्माण को तोड़ने के आदेश भी दिया गया..मामले में आदेश होने के काफी-समय बाद भी बेजा-कब्जा नही हटाया जाना तहसीलदार-कोटा की भूमिका पर सवाल उठाता है-?आखिर तहसीलदार के आदेश के बाद भी बेजा-कब्जा क्यो नही हटाया जा रहा है-?या फिर इस पूरे मामले में कब्जाधारी को तहसीलदार-कोटा या फिर छात्रावास-अधीक्षक का संरक्षण प्राप्त है..तहसीलदार सहित छात्रावास-अधीक्षक की भूमिका की जांच का विषय है।

**इस पूरे मामले को लेकर एसडीएम-कोटा सूरज कुमार को पूरे मामले से अवगत कराया कराने पर एसडीएम कोटा ने पूरे मामले की जानकारी कोटा-तहसीलदार से लेने की बात कही।***

# एक नजर

गोधन न्याय योजना से मिले लाभ की ऐसी भी कहानी

## गोबर बेचकर दिलमत बाई कमाए पैसे और बनवाया पक्का शौचालय




जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

छतीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना गोधन न्याय योजना पूरे प्रदेश में नए आयाम गढ़ रही है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महती भूमिका निभा रही है। गोबर बेचकर अतिरिक्त आमदनी से किसानों और पशुपालकों को अपने सपने साकार करने में मदद मिली है। जिले में लोगों ने गोबर बेचकर मिली राशि का उपयोग खेती-किसानी, पशुक्रय से लेकर बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, गृह निर्माण, और गाड़ी तक खरीदने जैसे कामों में किया है। लेकिन दिलमत बाई ने इन सबसे हटकर काम किया जिससे उन्होंने स्वच्छता और सुरक्षा की मिसाल कायम की है और इसमें उनकी मदद की शासन की गोधन न्याय योजना ने। विकासखण्ड खड़गवां के ग्राम पंचायत खंधौरा की दिलमत बाई साहू ने ग्राम गौठान में गोबर बेचकर व्यक्तिगत शौचालय बनवाकर स्वच्छता और सुरक्षा की मिसाल पेश की है। वे बताती हैं कि परिवार में बहु-बेटियों सहित 11 सदस्य हैं। शौचालय की स्थिति खराब होने के कारण नित्यकर्म के लिए बाहर जाना पड़ता था, जो स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की दृष्टि से ठीक नहीं था। कच्चे शौचालय को पक्का बनवाकर उपयोगी बनाने की योजना कई दिनों से थी, जो अब शासन की इस गोधन न्याय योजना के कारण पूरी हुई है। दिलमत बाई को गोधन न्याय योजना के तहत गौठान में 21 हजार 295 किलोग्राम गोबर बेचकर 42 हजार 590 रुपए प्राप्त हुए। इसमें उन्होंने कुछ अपनी राशि जोड़ी और घर में पक्का शौचालय बनवाया है।

## सड़क बनने से बरसात में होने वाली परेशानियों से मिलेगी निजात - गुलाब

विधायक ने किया सड़क और पुलिया निर्माण कार्य का भूमि पूजन

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त विधायक गुलाब कमरो ने सोमवार को भरतपुर विकासखंड के सुदूर वनांचल क्षेत्रों में जहां बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों का भूमि पूजन किया वहीं जनसंपर्क एवं गाँव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की मांगों और उनकी समस्याओं का समाधान किया। उल्लेखनीय है कि विधानसभा क्षेत्र में विकास की रफ्तार तेज करने और ग्रामीणों को सुख-सुविधा मुहैया कराने के लिए विधायक गुलाब कमरो द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सोमवार को विधायक द्वारा ग्राम पंचायत उमरवाह के बादामडंडी पारा के बर नाला में 4 लाख 85 हजार की लागत से बनने वाली पुलिया निर्माण का विधिवत भूमि पूजन किया गया। इसी क्रम में उन्होंने ग्राम पंचायत रामगढ़ में 16 लाख 29 हजार, ग्राम पंचायत कुदरा के मसौरा में 15 लाख 52 हजार, ग्राम पंचायत पूंजी में 14 लाख 74 हजार एवं ग्राम पंचायत घटई में मुख्य मार्ग से बस्ती तक 19 लाख 91 हजार की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्य तथा ग्राम पंचायत पूंजी के छिरहा टोला स्थित बरटोला में 5 लाख 83 हजार रूपए की लागत से बनने वाले पुलिया निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे। विधायक ने कहा कि सड़कों का निर्माण होने से जहां लोगों को आवागमन में सुविधा होगी वहीं बरसात में होने वाली परेशानियों से भी निजात मिलेगी।



### चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

विधायक गुलाब कमरो ने ग्राम पंचायत मलकडोल सहित पूंजी, कुदरा, घटई, रामगढ़ एवं उमरवाह में चौपाल लगाई। इस दौरान उन्होंने बारी-बारी से ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। मांगों से संबंधित कुछ समस्याओं को शीघ्र पूरा कराने का आश्वासन देते हुए उनके द्वारा मौके पर ही निराकरण किया गया वहीं कुछ समस्याओं के निस्तारण हेतु जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देश दिए गए। विधायक ने कहा कि प्रदेश की भूपेश सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों के रहन-सहन के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में नए कार्यों की स्वीकृति दिलाकर जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा कराने की प्रक्रिया तेज की गई है साथ ही कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को निस्तारित नहीं करने वाले अधिकारी बख्शे नहीं जाएंगे। जो भी लापरवाही करेगा संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कराई जाएगी।

साजा पुलिस की कार्यवाही

# चोरी गये मोटर सायकल सहित आरोपी युवक गिरफ्तार



जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

प्रार्थी भेखुराम ठेठवार पिता दशरथ ठेठवार उम्र 32 साल साकिन केवतरा थाना साजा ने थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह लक्ष्मीनारायण चांडक साजा के दुकान में काम करता है जो लक्ष्मी नारायण के एचएफ डिलक्स मोटर सायकल क्रमांक CG 25 5546 को लेकर हनुमंत कृपा फोटो फ्रेमिंग दुकान साजा में समान लेने गया था कि अज्ञात आरोपी द्वारा उपरोक्त मोटर सायकल कीमती करीबन 50 हजार रूपये को चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना साजा में अपराध क्रमांक 176/2022 धारा 379 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के द्वारा थाना साजा प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह भारद्धाज एवं थाना स्टाफ को माल मुल्जिम पता तलास करने हेतु निर्देशित किया गया।

प्रकरण में माल मुल्जिम पता तलाश विवेचना के दौरान आरोपी खोमलाल नेताम पिता चुनुराम नेताम उम्र 24 साल साकिन गाडाभाठा थाना साजा जिला बेमेतरा को ग्राम जांता अमलीडीह मोड के पास उक्त मोटर सायकल सहित पकडा गया। जिससे पुछताछ करने पर मोटर सायकल को चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी खोमलाल नेताम के पेश करने पर उपरोक्त चोरी गये मोटर सायकल क्रमांक छ्त्र 25 5546 कीमती करीबन 50 हजार रूपये को जप्त कर बरामद किया गया।

आरोपी खोमलाल नेताम पिता चुनुराम नेताम उम्र 24 साल साकिन गाडाभाठा थाना साजा जिला बेमेतरा को दिनांक 12 जून 2022 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

उक्त कार्यवाही में थाना साजा प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह भारद्धाज, प्रधान आरक्षक डामेश्वर सिंह, आरक्षक जय किशन साहू, इंदरमन निषाद एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

## सड़क हादसे में दो युवक की मौत

**महासमुंद।** ग्राम टेमरी से बाइक में वापस लौट रहे दो युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जानकारी के मुताबिक बिटांगीपाली निवासी सुभाष नाग पिता नरसिंग (35) और सुनील कुमार शाह पिता उद्धव (30) बाइक क्रमांक सीजी 06 जीडी 1879 ग्राम टेमरी किसी कार्य से गए थे जो रात करीब 8-9 के बीच लौट रहे थे। इसी बीच एनएच 53 में बिटांगीपाली के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को ठोकर मार दी जिससे वे गंभीर रुप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए बसना सीएचसी लाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# ओयामी हिड़मे का नाम रिसर्वे सूची में

स्वीकृति प्राप्त होने पर जल्द मिलेगी पीएम आवास योजना का लाभ

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

बीते दिनों जोहार छत्तीसगढ़ के टिम ने इस खबर प्रमुखता से प्रकाशित किया था, अब प्रशासन हरकत में । आज विकासखंड छिंदगढ़ के ग्राम पंचायत डोडपाल के आश्रित ग्राम तोंगरास की बुजुर्ग महिला ओयामी हिड़मे पति स्वर्गीय हूंगा को पीएम आवास का लाभ नहीं मिलने की खबर के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा जांच में पाया गया है कि, हितग्राही ओयामी हिड़मे के सुपुत्र ओयामी भीमा का आवास योजना के अंतर्गत पंजीयन हुआ है। ओयामी भीमा का नाम छूटे हुए पात्र हितग्राहियों की सूची ( रिसर्वे सूची) में नाम अंकित है। राज्य कार्यालय द्वारा स्वीकृति प्राप्त होने पर हितग्राही को नियमानुसार आवास योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा।


4 जोहार खबर जोहार छत्तीसगढ़

दीपिका से मिलकर 80 वर्षीय अम्मा के छलके आंसू कहा नोनी घर दिलवा दो

पहले की झोपड़ी पिछले वर्ष बरसात में गिर गई नहीं मिला मुआवजा

खबर का असर

# विभिन्न संकुल क्षेत्रों के गुरुजनों को मिली यातायात जागरूकता व व्यक्तिगत सुरक्षा संबंधी जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़

**कोरिया ।मुख्यमंत्री शाला एवं व्यक्तिगत सुरक्षा विषय पर चल रहे तीन दिवसीय संकुल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को संकुल केंद्र जनगहना ,खरवत एवं मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल बैकुंठपुर के शिक्षक-शिक्षिकाओं को यातायात जागरूकता एवं व्यक्तिगत सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य व पाक्सो अधिनियम से संबंधित जानकारी प्रदान किया गया ।**



प्रशिक्षण के दौरान यातायात नियमों, संकेतों एवं चिन्हों संबंधी विस्तृत जानकारी जिले में ट्रैफिक मैन के नाम से मशहूर लांस नायक महेश मिश्रा ने प्रदान करते हुए कहा कि आप एक शिक्षक हैं आपके कंधों पर समाज की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है निश्चित रूप से आप एक पथ प्रदर्शक का कार्य कर रहे हैं आप को यातायात नियमों को जानना और उन नियमों का पालन करना इसलिए भी अनिवार्य है क्योंकि आप दूसरों के लिए एक उदाहरण बनते हैं। यातायात नियमों के तहत अनिवार्य, चेतावनी एवं सूचनात्मक चिन्हों के साथ वाहन चलाने के नियम, सड़कों पर चलने के नियम ,हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता, बच्चों के लिए यातायात के नियम, दुर्घटना से संबंधित विस्तृत जानकारी व बचाव के उपाय बताए। प्रशिक्षण में यूनिसेफ की जिला समन्वयक रूमाना खान ने बच्चों की सुरक्षा, पोषण आहार, पाक्सो व जे.जे.एक्ट, मानसिक स्वास्थ्य ,यक्तिगत सुरक्षा के साथ शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य पी.सी. यादव, शैक्षिक समन्वयक सुश्री संध्या मिश्रा, इंद्रजीत सिंह, अंबिका प्रसाद वर्मन, छत्रपाल राजवाड़े मास्टर ट्रेनर श्रीमती पुष्पा भगत, राजकुमार सिंह, राधेश्याम कुर्रे सहित विभिन्न संकुल क्षेत्रों के शिक्षक -शिक्षिका उपस्थित रहे।

# दहेज के नाम पर महिला को प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

आरोपियों द्वारा महिला को दहेज में मोटरसाइकिल नहीं लाई हो कहकर करते थे प्रताड़ित



जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

**नवविवाहित महिला प्रताड़ित होकर अपने ऊपर मिट्टी तेल छिड़ककर आग लगाकर की आत्महत्या**

कोटा पुलिस द्वारा नवविवाहित महिला को दहेज के नाम पर मोटरसाइकिल नहीं लाए हो कहकर प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले 5 आरोपीयो को पुलिस ने किया गिरफ्तार।कोटा करगीकला ग्राम के नोहर साहू की नवविवाहिता पत्नी की घर में आग में जलने की सूचना पर तत्काल कोटा पुलिस द्वारा जाकर तस्दीक किया गया। मौके पर नोहर साहू की पत्नी नागिता उर्फ श्वेता साहू की आग से जलकर मृत्यु चुकी थी। मौके पर मिट्टी तेल, माचिस पडा था। पंचनामा कार्यवाही कर शव का पीएम कराया गया। मामले में जांच दौरान मृतिका नगीता उर्फ श्वेता साहू उम्र 24 साल को उसके ससुराल वाले दहेज में मोटरसाइकिल नहीं लाए हो कहकर प्रताड़ित करते थे जिससे मृतिका तंग आकर मिट्टीतेल अपने आप के ऊपर छिड़क कर माचिस से आग लगा ली। जिससे मृतिका की मौके पर ही मृत्यु हो गई।उक्त मामले में जांच दौरान अपराध सबूत पाए जाने से मृतिका के पति नोहर कुमार साहू, ससुर लेधरुराम साहू, सास सातीन बाई, मनोहर साहू, माया साहू निवासी करगीकला थाना कोटा जिला बिलासपुर को गिरफ्तार कर विधिवत कार्यवाही की जा रही है।

# जिले में बाल उन्मूलन सप्ताह 20 जून तक

श्रमिक, अपशिष्ट संग्राहक, भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों के रेस्क्यू एवं पुनर्वास के लिए चलाया जाएगा अभियान

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

**राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के निर्देशानुसार आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर बाल श्रमिकों के समस्या एवं उनके उन्मूलन के लिए 20 जून तक बाल श्रम उन्मूलन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।**




कलेक्टर विनीत नन्दनवार के मार्गदर्शन में 12 से 20 जून तक जिले में किशोर न्याय अधिनियम 2015 के तहत् बाल श्रम एवं फुटपाथ पर रह रहे बालकों के रस्क्यू एवं पुनर्वास के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान बाल श्रमिक एवं ऐसे बच्चे जो बिना किसी सहारे के सड़कों पर अकेले रहते है, दिन में सड़कों पर रहते है और रात में निकट की झुग्गी-झोपड़ी बस्तियों में रहने वाले अपने परिवार के पास घर आ जाते हैं, ऐसे श्रेणी के बच्चे अपनी उत्तरजीविता, भोजन, पानी, वस्त्र, आश्रय एवं संरक्षण के लिए प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के संघर्षों एवं चुनौतियों का सामना करते हैं। ऐसे बच्चों का पहचान कर उन्हें संरक्षण प्रदान करने, शिक्षा एवं अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने, उनके परिवारों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाते हुए उनके प्रशिक्षण एवं रोजगार की व्यवस्था के लिए विभिन्न विभाग के समन्वय से कार्ययोजना बनाई जाएगी।

अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी परियोजना अधिकारियों को परियोजना स्तर, पर्यवेक्षक को सेक्टर स्तर पर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित गया गया है। इसी तरह पंचातय स्तर पर ग्राम पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समितियों का गठन कर पंचायत सचिवों को कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है। अभियान में चिन्हांकित बालकों को बालक कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर किशोर न्याय अधिनियम 2015 एवं नियम 2018 के प्रावधान अनुसार पुनर्वास की कार्यवाही के साथ ही पोर्टल पर सभी बालकों के संबंध में जानकारी संधारित की जाएगी।

जिला सुकमा में बाल श्रम एवं स्ट्रीट सिचुएशन्स में रह रहे बालकों को बेहतर भविष्य एवं उनके परिवार को शासकीय योजनाओं से जोड़कर लाभ पहुंचाने, बच्चों की देखरेख, उनके शाला प्रवेश तथा शिक्षा निरंतर जारी रखने, उन्हे आश्रय प्रदान किए जाने के उद्देश्य से, उचित सुविधा उपलब्ध कराने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग एवं श्रम विभाग की संयुक्त दल 22 जून तक सुकमा जिला मुख्यालय के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करेगी।

## ऋतिक, सैफ अभिनीत विक्रम वेधा की शूटिंग हुई पूरी



नियो-नोयर एक्शन थ्रिलर विक्रम वेधा, जिसमें ऋतिक रोशन, सैफ अली खान और राधिका आप्टे हैं, का फिल्मांकन शुक्रवार को पूरा हो गया।

पुष्कर और गायत्री द्वारा निर्देशित फिल्म ने अक्टूबर 2021 में अबू धाबी, लखनऊ और मुंबई में विभिन्न शेड्यूल में फिल्मांकन शुरू किया। ऋतिक रोशन ने एक बयान में कहा, वेधा बनना मेरे तहत पहले कभी किए गए किसी भी काम से अलग था। मुझे हीरो होने के सांचे को तोड़ना था और एक अभिनेता के रूप में पूरी तरह से बेरोजगार क्षेत्र में कदम रखना था। यात्रा ऐसा लगा जैसे मैं स्नातक कर रहा था। ऋतिक और सैफ के साथ फिल्मांकन के अनुभव के बारे में बात करते हुए, निर्देशक पुष्कर और गायत्री ने एक संयुक्त बयान में कहा, हमारे देश के प्रमुख सुपरस्टार ऋतिक और सैफ के साथ शूटिंग करना एक शानदार अनुभव रहा है।

## थिरुचितराम्बलम फिल्म से राशि खन्ना के किरदार का हुआ खुलासा



मशहूर निर्देशक मिथरन आर. जवाहर की कॉमेडी ड्रामा फिल्म थिरुचितराम्बलम के मेकर्स ने एक्ट्रेस राशि खन्ना के किरदार का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि राशि खन्ना धनुष की स्कूल फ्रेंड की भूमिका निभाएंगी। डायरेक्टर मिथरन जवाहर ने ट्विटर पर एक क्लिप पोस्ट की और लिखा, राशी खन्ना द्वारा निभाई गई अनुषा से मिलें।

एक्टर धनुष ने भी इसी क्लिप को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया, जिसमें राशि कार की ड्राइवर सीट पर बैठी नजर आ रही है। उन्होंने लिखा, थिरुचित्रम्बलम.. मिलिए अनुषा से.. उनकी हाई स्कूल की दोस्त।

फिल्म में नित्या मेनन, प्रिया भवानी शंकर, प्रकाश राज और निर्देशक भारती राजा शामिल है। फिल्म में संगीत अनिरुद्ध ने दिया है। अनिरुद्ध पहली बार मिथरन आर. जवाहर की फिल्म के लिए काम कर रहे हैं। फिल्म की सिनेमाटोग्राफी ओम प्रकाश ने की है और प्रसन्ना जी.के. ने फिल्म को एडिट किया है, जबकि इसे सन पिक्च र्स कलानिधि मारन ने प्रोड्यूस किया है।

## इंटरनेट पर निक्की तंबोली का कब्ज़ा, तस्वीरें देख मदहोश हुए फैंस

टेलीविज़न के मशहूर रियलिटी शो बिग बॉस 14 में निक्की तंबोली की ग्रोथ और लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है कि जब भगवान किसी को देता है तो छप्पर फाड़कर देता है। शो के बाद से ही निक्की ने सफलता की बड़ी उड़ान भरी है। निक्की तंबोली प्रशंसकों का भी मनोरंजन करके रखती हैं।



वही अब एक बार फिर निक्की की सुपर सिजलिंग तस्वीरें देखकर प्रशंसक बहुत इंप्रेस हो रहे हैं। निक्की तंबोली ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें वह येलो शिमरी शॉर्ट ऑउटफिट पहने दिखाई दे रही हैं। पीछे से यह ड्रेस बैकलेस है। अपनी टोन्ड फिगर को फ्लॉन्ट करते हुए निक्की तंबोली ने कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इन सभी तस्वीरों में निक्की की चार्मिंग स्माइल पर प्रशंसक अपना दिल हार बैठे हैं। डीप नेक वाला यह ऑउटफिट स्ट्रैपी है तथा पीछे से इसमें एक डोरी आई हुई है। वही बालों को ओपन रखने के साथ हैवी मेकअप से निक्की ने लुक को पूरा किया है। न्यूड लिपस्टिक एवं स्मोकी आई मेकअप निक्की तंबोली की सुंदरता में चार चांद लगा रहा है। इस ऑउटफिट के साथ निक्की तंबोली ने कोई जूलरी नहीं पहनी है। काफी सिंपल रखा है। निक्की तंबोली ने इन तस्वीरों को साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, बेसिक? यह क्या होता है, मुझे तो पता भी नहीं है। प्रशंसक निरंतर निक्की तंबोली के इस लुक की प्रशंसा कर रहे हैं। एक शख्स ने लिखा, निक्की मैम, आपकी अदाओं पर ही तो हम फिदा है। इसी तरह कई लोगों ने कमेंट कर अपनी पसंदीदा एक्ट्रेस पर प्यार लुटाया है।

## वॉटर पार्क का सुरक्षित तरीके से लुत्फ उठाने के लिए अपनाएं ये टिप्स

वॉटर पार्क आराम देने, तरोताजा महसूस कराने और ठंडक पहुंचाने वाला एक लोकप्रिय स्थान है। अगर आप वॉटर पार्क घूमने जाने का प्लान बना रहे हैं तो आपके लिए कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना महत्वपूर्ण है ताकि आप सुरक्षित तरीके से पानी की गतिविधियों का जमकर लुत्फ उठा सकें। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी सेफ्टी टिप्स के बारे में बताते हैं, जिन्हें अपनाकर वॉटर पार्क का आनंद ले सकते हैं।



**सनस्क्रीन लगाएं**- अगर आप किसी वॉटर पार्क में जाने वाले हैं तो उससे अपनी त्वचा पर पर्याप्त मात्रा में सनस्क्रीन जरूर लगाएं ताकि यह सूरज की हानिकारक यूवी किरणों से बची रहे। वॉटर पार्क में पहुंचने से 30 मिनट पहले एसपीएफ युक्त वाटरप्रूफ सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना बेहतर होगा। अधिकतम सुरक्षा के लिए हर दो घंटे बाद अपनी त्वचा पर सनस्क्रीन लगाएं। इसके अलावा, सीधी धूप से खुद को बचाने के लिए सनग्लासेस, ढीले-ढाले कपड़े और टोपी पहनें।

**हाइड्रेटेड रहें**- अगर आपको लगता है कि वॉटर पार्क में पानी की गतिविधियों के दौरान आप प्राकृतिक तरीके से हाइड्रेट होते हैं तो आप गलत हैं। अपने शरीर को हाइड्रेट करने, हीट स्ट्रोक से बचाने और स्वस्थ और तरोताजा महसूस करने के लिए बीच-बीच में पानी का सेवन करते रहें। इसके अतिरिक्त, अधिक मीठे और कैफीन युक्त पेय पदार्थों से दूरी बनाकर रखें क्योंकि ये डिहाइड्रेशन की समस्या को बढ़ा सकते हैं।

**वॉटर पार्क के नियमों के बारे में जानें** - हर वॉटर पार्क के लिए अलग-अलग नियम हैं, इसलिए याद रखें कि वॉटर पूल में जाने से पहले सब कुछ ध्यान से पढ़ें और बच्चों को उनके लिए बनाए गए वॉटर पूल में ही खेलने के लिए भेजें। वॉटर पार्क में अलग-अलग आयु समूहों के लिए अलग-अलग स्लाइड और राइड हैं, लेकिन उनका लुत्फ उठाने से पहले अपने वजन, ऊंचाई, उम्र और चिकित्सक स्थितियों से संबंधित सभी निर्देशों और सावधानियों को अच्छे से पढ़ें।

## मानसून के दौरान रोजाना करें ये पांच इंडोर एक्सरसाइज, रहेंगे एकदम फिट

मानसून के दौरान आए दिन आने वाली बारिश आपको जिम जाने से रोक सकती है, लेकिन ऐसे में आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है क्योंकि आप चाहें तो कुछ इंडोर एक्सरसाइज को करके अपने जिम रूटीन को खराब होने से बचा सकते हैं। आइए आज हम आपको पांच ऐसी एक्सरसाइज के बारे में बताते हैं, जिन्हें मानसून के दौरान यानी अधिक बारिश वाले दिन करके आप खुद को फिट एंड फाइन बनाए रख सकते हैं।



**स्क्वाट**- स्क्वाट एक्सरसाइज करने के लिए सबसे पहले अपने दोनों हाथ सामने की ओर खोलकर सीधे खड़े हो जाएं। इस दौरान आपकी छाती एकदम तनी हुई होनी चाहिए। अब धीरे-धीरे अपने घुटनों को मोड़ते हुए ऐसे बैठें, जिस तरह से कुर्सी पर बैठा जाता है। इसके बाद सांस भरते हुए धीरे-धीरे नीचे झुकें, फिर ऊपर आते समय सांस छोड़ें। ऐसा आप 10 मिनट तक कर सकते हैं। शुरूआत में 10 स्क्वाट करें और फिर धीरे-धीरे 12-15 तक ले जाएं।

**पुश अप्स**- पुश अप्स के लिए सबसे पहले जमीन पर पेट के बल लेट जाएं, फिर गर्दन को सीधा रखें और हथेलियों को कंधों के नीचे रखें। वहीं, पंजे जमीन से सटे हुए हों। अब हाथों पर जोर डालते हुए शरीर को धीरे-धीरे ऊपर-नीचे करें, लेकिन इस दौरान ध्यान रखें कि शरीर को नीचे लाते समय छाती जमीन से छूनी चाहिए। इसके बाद अपने हाथों को सीधा करें और 10 सेकंड इसी अवस्था में रहें, फिर धीरे-धीरे सामान्य हो जाएं।

**सिट अप्स**- इस एक्सरसाइज को करने के लिए सबसे पहले एक्सरसाइज मैट पर पीठ के बल सीधे लेट जाएं। अब अपने दोनों हाथों को सीधा फर्श पर रखें और दोनों पैरों को घुटनों से मोड़ कर जमीन पर रखें। इसके बाद अपने दोनों हाथों को ऊपर ले जाकर सिर के पीछे रख लें और सांस छोड़ते हुए अपने शरीर के ऊपरी हिस्से को उठाकर अपने घुटनों के करीब लाएं। अब सांस लेते हुए फिर से लेट जाएं। इस तरह 10-12 रेप्स करें।

**प्लैंक**- प्लैंक एक्सरसाइज के लिए सबसे पहले अपने घुटने मोड़कर जमीन पर बैठकर दोनों कोहनियों को फर्श पर टिकाकर आपस में बांध लें, फिर पैरों को फैलाकर पेट के बल लेट जाएं।

# खेल

IPL मीडिया राइट्स की नीलामी

## EPL को पीछे छोड़ दुनिया की दूसरी सबसे महंगी लीग बनी IPL; TV और डिजिटल राइट्स बिके

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के अगले पांच सीजन (2023 से 2027) के मीडिया राइट्स की नीलामी का सोमवार को दूसरा दिन है। दूसरे दिन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।




इसके शुरुआती चरण में भारतीय उपमहाद्वीप के लिए TV और डिजिटल राइट्स बिक चुके हैं। सूत्रों की माने तो TV राइट्स 57 करोड़ प्रति मैच और डिजिटल राइट्स 48 करोड़ प्रति मैच में बिके हैं। इनकी कुल बोली 43,255 करोड़ की लगी है। टीवी का पैकेज 23,575 करोड़ में और डिजिटल पैकेज 19,680 करोड़ रुपये में बिका है।

इसे खरीदने वाले के नाम का खुलासा नहीं हुआ है। पिछली नीलामी में ये राइट्स स्टार ने 16,348 करोड़ में खरीदे थे। ऐसे में इस बार TV और डिजिटल राइट्स पिछली बार की तुलना में ढाई गुना ज्यादा है। सूत्रों के मुताबिक पहले दिन रविवार तक बोली की रकम 43 हजार 50 करोड़ रुपए तक गई थी। इसमें अभी और इजाफा हो सकता है। सबसे अधिक बोली किसने लगाई है, इसका खुलासा नहीं किया गया था।

भारतीय उपमहाद्वीप के टीवी और डिजिटल राइट्स के लिए वायकॉम 18, स्टार और सोनी के बीच कड़ा मुकाबला हुआ है। पहले दिन टीवी राइट्स प्रति मैच 54 करोड़ रुपए तक गए। वहीं, डिजिटल राइट्स प्रति मैच 50 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। राइट्स जीतने वाली कंपनी के नाम की घोषणा आज हो सकती है।

### प्रति मैच के लिए कम से कम 104 करोड़ रुपए मिलना तय

सूत्रों ने बताया कि अब तक जो बोली लगी है उसके मुताबिक BCCI को IPL के एक मैच के एवज में 104 करोड़ रुपए मिलना तय हो गया है। इस तरह एक मैच के ब्रॉडकास्ट राइट्स के हिसाब से IPL अब दुनिया की दूसरी सबसे महंगी लीग हो गई है। IPL ने EPl (86 करोड़ रुपए प्रति मैच) को पछाड़ा है।

## भारतीय भारोत्तोलकों ने युवा विश्व चैम्पियनशिप में 2 रजत पदक जीते

**नयी दिल्ली** । भारत की आकांक्षा किशोर व्यावरे (महिला, 40 किग्रा भार वर्ग) और विजय प्रजापति (पुरुष, 49 किग्रा भार वर्ग) ने मैक्सिको के लियोन में पुरुषों और महिलाओं के आईडब्ल्यूएफ युवा विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2022 में अपनी स्पर्धाओं में दूसरा स्थान हासिल किया। यह दोनों पदक प्रतियोगिता के शुरुआती दिन शनिवार को आये। आकांक्षा ने कुल 127 किग्रा (59 किग्रा + 68 किग्रा) का भार उठाया, जबकि विजय 175 किग्रा (78 किग्रा + 97 किग्रा) उठाने में सफल रहे। आकांक्षा भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के 'नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एनसीई, औरंगाबाद) और विजय इसके पटियाला इकाई के प्रशिक्षु हैं। भारतीय भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष सहदेव यादव ने यहां जारी बयान में कहा, 'मैं लियोन में 2022 आईडब्ल्यूएफ युवा विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप के दौरान अच्छा प्रदर्शन करने के लिए सभी भारोत्तोलकों को बधाई देना चाहता हूं और उन भारतीय कोचों के प्रयासों की सराहना करता हूं, जिन्होंने राष्ट्रीय शिविर में कम समय में एथलीटों को प्रशिक्षित किया है।



### एक नजर

## किर्गियोस ने कहा, मर्रे से हार के दौरान नस्ली टिप्पणियों का सामना किया

**स्टुटगार्ट** । आस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस ने कहा कि स्टुटगार्ट ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में एंडी मर्रे से हार के दौरान उन्हें दर्शकों की नस्ली टिप्पणियों का सामना करना पड़ा।

किर्गियोस ने मर्रे से 7-6 (5), 6-2 से हारने के बाद इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया कि उन्होंने शनिवार को खेले गये मैच में दर्शकों की अपमानजनक टिप्पणियां सुनीं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा ।यह सब कब रुकेगा? दर्शकों की नस्ली टिप्पणियों का सामना करना?

किर्गियोस ने कहा,मैं जानता हूं मेरा व्यवहार हर समय सबसे अच्छा नहीं रहता लेकिन 'काली भेड़' और 'चुप रहो और खेलो' जैसी टिप्पणियां कतई स्वीकार्य नहीं हैं। जब मैं दर्शकों को जवाब देता हूं तो मुझे दंडित किया जाता है। यह सही नहीं है।

मर्रे 2016 में विंबलडन जीतने के बाद से अपना पहला ग्रासकोर्ट एकल फाइनल खेलेंगे, जिसमें उनका सामना इटली के दूसरी वरीयता प्राप्त माटेओ बेरेटिनी से होगा ।बेरेटिनी ने बिना सर्विस ब्रेक वाले एक संघर्षपूर्ण मैच में ऑस्कर ओट्टे को 7-6 (7), 7-6 (5) से हराया।

## इंग्लैंड ने इटली से गोलरहित ड्रा खेला

**लंदन** । इटली ने इंग्लैंड को गोलरहित ड्रा पर रोककर नेशन्स लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में उसका जीत का इंतजार बढ़ा दिया। विश्व कप की तैयारियों में जुटे इंग्लैंड ने शीर्ष लीग के ग्रुप तीन में पिछले तीन मैचों में जीत दर्ज नहीं की है।

वेम्बली में यूरो 2020 फाइनल से पहले अपने प्रशंसकों के गलत व्यवहार के कारण इंग्लैंड ने वॉल्वरहैम्प्टन स्टेडियम में सिर्फ कुछ हज़ार स्कूली बच्चों को आने की अनुमति दी। इटली ने यूरो फाइनल पेनल्टी शूटआउट में जीता था।

इंग्लैंड के मैसन माउंट का शॉट शुरू में क्रासबार से टकरा गया था जबकि उसके गोलकीपर आरोन रैम्सडेले ने सैंड्रो टोनाली का प्रयास नाकाम कर दिया था। पिछले शनिवार को इंग्लैंड को हराने वाले हंगरी ने इस ग्रुप के एक अन्य मैच में जर्मनी को 1-1 से ड्रा पर रोका।

ग्रुप चार में नीदरलैंड ने दो गोल से पिछड़ने के बाद तुर्की से 2-2 से ड्रा खेला। यूक्रेन ने आर्मेनिया को 3-0 से हराकर अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

## राष्ट्रीय चैंपियन किरण पाहल ने कहा, पिता की यादें हमेशा प्रेरित करती रहेंगी

चेन्नई। हरियाणा की एथलीट किरण पाहल के लिये राष्ट्रीय चैंपियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर का स्वर्ण पदक जीतना एक भावनात्मक क्षण था क्योंकि इसके बाद वह अपने दिवंगत पिता की याद में खो गयी, जिन्होंने पुरुष प्रधान समाज में सामाजिक विरोध के बावजूद खेलों में भाग लेने के लिये अपनी बेटी का पूरा समर्थन किया। हरियाणा के सोनीपत जिले के गनौर गांव की रहने वाली 21 वर्षीय किरण ने उन संघर्षों को भी याद किया, जिनसे उन्हें गुजरना पड़ा था क्योंकि उनका परिवार बहुत गरीब था। किरण के पिता ओम प्रकाश का पिछले महीने लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। वह सोनीपत जिले की एक तहसील में मुंशी थे। उनकी मां माया देवी गृहिणी हैं। किरण ने शनिवार को स्वर्ण पदक जीतने के बाद कहा,मेरे पिता घर में अकेले कमाने वाले सदस्य थे। मैं तीन भाई-बहनों में सबसे छोटी हूं। हमारे परिवार के लिये यह मुश्किल दौर था।

नॉटिंघम टेस्ट में अंग्रेजों की जोरदार वापसी

## रूट-पॉप ने जमाए सैकड़े, तीसरे दिन इंग्लैंड 473/5, पर अब भी 80 रन से पीछे

**नॉटिंघम।** इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच चल रहा नॉटिंघम टेस्ट ड्रॉ की ओर बढ़ रहा है। लेकिन, उनमें रोमांचक कॉम्पिटीशन जारी है। रविवार रात तीसरे दिन इंग्लैंड ने जोरदार वापसी की है।

उसने पहली पारी में वर्ल्ड चैंपियन न्यूजीलैंड के 553 रनों के जवाब में 473/5 रन बना लिए हैं। स्टंप्स पर इंग्लिश टीम 80 रनों से पिछड़ रही थी। सोमवार को चौथे दिन का खेल खेला जाएगा।




### रुट-पॉप ने कराई वापसी

मुकाबले में पूर्व कप्तान जो रूट और ओली पॉप ने इंग्लैंड की वापसी कराई। रूट अपने दोहरे शतक की ओर बढ़ रहे हैं। वे 163 पर नाबाद हैं। जबकि पॉप 145 के स्कोर पर बोल्ट का शिकार बने। यह रूट का 27वां टेस्ट शतक है। जबकि पॉप ने इंग्लैंड में पहला सैकड़ा जमाया है।

एलेक्स लीस और ओली पोप ने 90/1 के स्कोर से मेजबानों की पारी को आगे बढ़ाया। लीस ने 109 गेंद में 67 रन बनाते हुए अपना पहला टेस्ट अर्धशतक पूरा किया। वे मैट हेनरी की गेंद पर डेरिल मिचेल को कैच दे बैठे।

पाकिस्तान का क्लीन स्वीप

## वेस्टइंडीज को 53 रन से हराया, 8 पारियों में लगातार 50+ स्कोर करने के बाद 1 रन पर आउट हुए बाबर

**मुल्तान।** पाक कप्तान बाबर आजम रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ बे-रंग रहे। वे महज 1 रन के निजी स्कोर पर आउट हुए। उनके आउट होने के बाद भी पाकिस्तान ने तीसरे और आखिरी वनडे मुकाबले में वेस्टइंडीज को 53 रनों से हराया। इस जीत के साथ ही पाकिस्तानी टीम ने तीन मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप कर लिया है। इस जीत में इमाम उल हक (62) और शादाब खान (86) ने अहम योगदान दिया।

मुल्तान में मेजबान टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 48 ओवर में 9 विकेट पर 269 रन बनाए। जवाब में कैरेबियाई टीम 37.2 ओवर में 216 रन ही बना सकी। शादाब खान मैन ऑफ द मैच रहे।




### फखर-इमाम ने दी अच्छी शुरुआत

पहली पारी में पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी रही। फखर जमां (35) और इमाम उल हक (62) ने पहले विकेट के लिए 85 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी को 17वें ओवर में गेंदबाजी करने आए कैरेबियाई कप्तान निकोलस पूरन ने फखर जमां को बोल्ड करके तोड़ दिया।

### पूरन ने चटकाए चार विकेट

कप्तान बाबर आजम (1) के हेडेन वॉल्श की गेंद पर आउट होने के बाद पूरन ने इमाम उल हक को विकेट के पीछे शाई होप के हाथों कैच करवाया। फिर मो. रिजवान 11 (21) रन बनाकर पूरन का तीसरा शिकार बने।

# छात्रवृत्ति के माध्यम से सामाजिक दायित्व के निर्वहन से पालक एवं छात्र शिक्षा के प्रति होंगे प्रोत्साहित-अध्यक्ष डॉ.महन्त रामसुंदर दास

## छात्रवृत्ति कार्यक्रम में जिले के 300 से अधिक छात्रों को दिया गया छात्रवृत्ति

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




राज्य गौसेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ.महन्त रामसुन्दर दास के मुख्य अतिथ्य में ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट रायगढ़ में छात्रवृत्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक, महापौर जानकी काटजू भी उपस्थित रही। कार्यक्रम में डॉ.महंत ने कहा कि श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस कंपनी द्वारा विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के माध्यम से सहयोग किया जा रहा है, जो सराहनीय है। यह सहयोग उन छात्रों-छात्राओं के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा जो पढ़ना चाहते है, लेकिन आर्थिक समस्या उनके सामने आती है। इस प्रकार के सहयोग से पालकों के साथ छात्रों को भी शिक्षा के प्रति प्रोत्साहन मिलेगा और बच्चे आगे बढ़ेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मन में दृढ़ इच्छा रखे और निरंतर प्रयास करें सफलता अवश्य मिलेगी। इस दौरान उन्होंने श्रीराम फाइनेंस कंपनी को संबोधित करते हुए कहा कि आगे उत्तरोतर विकास कर सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते रहे।

विधायक प्रकाश नायक ने श्रीराम फाइनेंस द्वारा संचालित छात्रवृत्ति कार्यक्रम के लिए अपना आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति विद्यार्थियों के लिए आर्थिक रूप से बैक सपोर्ट का कार्य कर रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह समय आपके छात्र जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। अतएव इस दौरान आप अच्छे से पढ़ाई में ध्यान दे और अपने ग्राम, ब्लाक और जिले का नाम रोशन करें। महापौर श्रीमती जानकी काटजू ने कहा कि एक निजी कंपनी द्वारा इस प्रकार का आर्थिक सहयोग विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण है। जो शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए बच्चों को छात्रवृत्ति के माध्यम से प्रोत्साहित कर रहा है।

श्रीराम फाइनेंस के स्टेट बिजनेस हेड ने बताया कि प्रतिवर्ष के भांति ही इस वर्ष हमारी संस्था सामाजिक दायित्वों के निर्वहन कर रही है। यह केवल सातवीं से बारहवी तक के विद्यार्थियों के लिए ही नहीं है बल्कि संस्था द्वारा उच्चशिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बारहवी के पश्चात भी महाविद्यालीन छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति कार्यक्रम में जिले भर से 314 विद्यार्थियों को चयन किया गया है, जिसमें से 246 विद्यार्थी कार्यक्रम में उपस्थित होकर छात्रवृत्ति एवं प्रमाण पत्र प्राप्त किये। अनुपस्थित विद्यार्थी संस्था के शाखा से संपर्क कर छात्रवृत्ति प्राप्त सकते है। श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस कंपनी द्वारा इस वर्ष पूरे प्रदेश में 1300 विद्यार्थियों को छात्रवृति प्रदान की जा रही है, जिसमें से 314 विद्यार्थी रायगढ़ जिले के है।

इस अवसर पर स्टेट बिजनेस हेड श्री सूरज सरावगी, स्टेट कलेक्शन हेड श्री संजय रूपचंदानी, श्री शेख ताजीम, श्री अमृत काटजू, श्री दीपक दुबे, श्री रजनीश, श्री संजय देवांगन सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### रोजगार भी प्रदान करेगी कंपनी

**श्रीराम फाइनेंस कंपनी के स्टेट बिजनेस हेड ने बताया कि एक बार रजिस्ट्रेशन पश्चात आने वाले वर्ष में विद्यार्थी के अच्छे अंक आने पर उन्हे छात्रवृति प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही संस्था द्वारा विभिन्न संस्था संचालित किए जा रहे है। छात्रवृति प्राप्त विद्यार्थी चाहे तो वह शिक्षा पूर्ण कर संस्था में कार्य करने के इच्छुक विद्यार्थियों को रोजगार भी मुहैया करायेगी।**

## एक नजर

### पौधा रोपना ही पर्याप्त नहीं, उम्र भर पोषण भी जरूरी: एच के साहा

**कोरबा** । भूमिगत कोयले को बाहर निकालने के लिए हमें जमीन के ऊपर के पेड़ों को काटना ही पड़ता है। बदले में हम पौधरोपण भी करते हैं लेकिन उसका सही पोषण नहीं होने की वजह से प्रकृति का सामंजस्य बिगड़ते जा रहा है। हमें प्रकृति के अनुकूल पौधारोपण करना होगी। पौधों के रोपण करना ही पर्याप्त नहीं बल्कि उसका उम्र भर पोषण करना जरूरी है।

यह बात एसईसीएल गेवरा के महाप्रबंधक एचके साहा ने रविवार प्रजापिता ब्रह्मकुमारी के गेवरा शाखा संस्थान में आयोजित पौधा रोपण के दौरान कही। उन्होने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के तत्वावधान में प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से आगामी 25 अगस्त तक विश्वभर में 75 लाख पौधारोपण का लक्?य रखा गया है । जिसमें संस्था का उद्देश्य न केवल पौधारोपण है बल्कि पौधारोपण के बाद पौधे की देखभाल कर उसकी पालना करना कर उसे सींचकर उन्हें बड़ा करना भी है। संस्था के इस पुनीत कार्य शामिल होकर पर्यावरण संरक्षण की ओर आगे कदम बढ़ा रहे है। इस अवसर पर कुमारी पूर्वी के द्वारा अतिथियों के स्वागत में मनोरम नृत्य प्रस्तुत कर अतिथिगणों का स्वागत किया गया। एनसीएच गेवरा से सभा में पधारे मंचस्थ डाक्टर वी राम के वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें कम से कम कागजों का उपयोग करना चाहिए। अल्टरनेट उपाय के तौर पर हमें डिजिटल बनना होगा। हमें वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को अपनाना होगा। वर्षा के पानी को भूमि में जाने हेतु अपने घर के इर्द गिर्द जगह बनानी होगी। बहन बीके कुसुम दीदी ने ब्रम्हाकुमारी संस्था की ओर से लिए गए संकल्प के संदर्भ में सबको रूबरू कराया। कार्यक्रम के अंत में बहन ज्योति दीदी ने सभा में पधारे सभी आगंतुकों का व अतिथिगणों का अपना कीमती समय निकालकर कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में उपस्थिति प्रदान करने हेतु आभार व्यक्त किया गया। सभी अतिथियों को स्लोगन फ्रेम, प्रसाद व एक एक पौधा भेंट किया गया, परमात्मा के प्रसाद के साथ अपने-अपने घरों में लगाने एक एक पौधा प्राप्त किए ।

### प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रदान किया प्रमाण पत्र

**कोरबा** । शासकीय इंजीनियरिंग विश्वसरैय्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा में ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम अंर्तगत आयोजित गुणवत्ता पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों एवं प्रशिक्षितों को प्रमाण पत्र व प्रशिक्षकों को सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया।

महाविद्यालय में योग प्रशिक्षण एवं चित्रकला प्रशिक्षण प्रदान करन के लिए 30 घंटों का गुणवत्ता पाठ्यक्रम था। योग प्रशिक्षक के रूप में डी आनंद, सुनीता तिवारी व डा सचिन सिंह ने अपना मार्गदर्शन दिया। इसी प्रकार चित्रकला प्रशिक्षक के रूप में डा अजय कुमार मिश्रा, प्राध्यापक केएन कालेज, हरि क्षत्रीय, राहुल यादव एवं स्वाति राजवाड़े ने भी छात्र-छात्राओं को चित्रकला की बारिकिया से अवगत कराया। योग प्रशिक्षण के इस गुणवत्ता पूर्ण पाठ्यक्रम जो 30 घंटों का था उसका सफ्ल आयोजन डा बीएस राव क्रीड़ाधिकारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं श्याम सुंदर तिवारी की अगुवाई में किया गया। चित्रकला के प्रशिक्षण कार्यक्रम में डा दिनेश श्रीवास व कन्हैया सिंह कंवर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। चित्रकला प्रशिक्षक डा अजय सिंह ने बहुत ही खुशनुमा अंदाज में अपने प्रशिक्षिण के अनुभव बताए। इस दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। छात्र रितेश यादव व छात्रा सुनीता ने भी 15 दिवसीय प्रशिक्षण के अनुभव बताते हुए उन्होंने प्रशिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन, उत्साहवर्धक संभाषण एवं उत्प्रेरक कहानियों को इस प्रशिक्षण की विशेषता के रूप में उल्लेखित किया।

### बस में सफर कर रही बालिका से छेड़छाड़, आरोपी जेल दाखिल

**कोरबा** । बस में अकेले सफ्र कर रही एक बालिका के साथ हेल्फ्र द्वारा लगातार छेड़छाड़ व अश्लील हरकत की गई। पीड़िता ने इसकी शिकायत दर्री पुलिस में दर्ज कराईए इस पर पुलिस ने आरोपित हेल्फ्र को गिरफ्तार किया।

घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि मुंगेली जिला स्थित अपने चाचा के घर से एक बालिका कोरबा वापस अपने घर आने निकली। छत्तीसगढ़ ट्रैवलर्स की बस में वह रिश्तेदार के साथ आ रही थी, लेकिन रिश्तेदार बेलतरा में बस से उतर गए। इसके बाद बालिका अकेले अपने घर के लिए सफ्र कर रही थी। तब बस में काम करने वाला हेल्पर पंडरिया निवासी योगेंद्र कुमार अश्लील हरकत व इशारे बाजी करने लगा। डरकर किशोरी ने इस घटना की जानकारी फोन करके अपनी मां को दी।

## मनियारी जलाशय में मिला 70 किलो का मृत कछुआ

लोरमी । राजीव गांधी मनियारी जलाशय में एक विशालकाय मृत कछुआ मिला है। वजन करीब 70 किलो और उम्र 100 साल होने की बातें कही जा रही है।



करीब 3 फिट की मृत कछुआ को ग्रामीणों ने देखा। इसके बाद इसकी जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को दी गई. जिसके बाद मौके पर पहुंचकर रेंजर विक्रम विक्रांत ने कछुआ के पीएम के लिए पशु चिकित्सक को काल किया। उसका पंचनामा तैयार कर विधिवत कछुए का अंतिम संस्कार किया गया। उल्लेखनीय है कि जलाशय में पहले भी 80 किलोग्राम की मछली मिल चुकी है। सन 19 27 में ब्रिटिश शासन काल अंग्रेजों के समय जलाशय है।

मुंगेली जिले में करीब 100 साल पहले अंग्रेजों के शासनकाल में राजीव गांधी मनियारी जलाशय बनाया गया था। इस तालाब से बांध भी लगा हुआ है। इस बांध को मुंगेली जिले का जीवनदायिनी माना जाता है। रविवार को जब बांध के डुबान क्षेत्र में कुछ ग्रामीणों मौजूद थे। इसी दौरान यहां एक विशालकाय कछुआ दिखाई दिया। मृत कछुआ होने पर उन्होंने इसकी जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को दिए।

## जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के सभी घरों में नल के माध्यम से स्वच्छ जल पहुंचाने का लक्ष्य



जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा क्रियान्वयन सहायता एजेंसी (आईएसए) के सदस्यों का 13 से 15 जून 2022 तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में किया जा रहा है। जिसमें प्रथम दिन जिला पंचायत अध्यक्ष रायगढ़ श्री निराकार पटेल के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता परीक्षित चौधरी द्वारा बताया गया कि जल जीवन मिशन के सफल क्रियान्वयन में कार्यान्वयन सहायता एजेंसी की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के सभी घरों में नल के माध्यम से स्वच्छ जल पहुंचाने का लक्ष्य है। ग्राम की योजना बनाने से लेकर पेयजल के प्रबंधन, ग्रेवाटर का प्रबंधन, योजना का संचालन-संधारण आदि में स्थानीय समुदाय की जन-जागरूकता एवं क्षमता संवर्धन आईएसए के माध्यम से ही किया जाना है। कार्यक्रम में उपस्थित राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर मोहम्मद अजहर कुरैशी एवं राजू राठौर ने बताया कि प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में जल जीवन मिशन की मूलभूत जानकारी, पेयजल के संदर्भ में स्थानीय स्व-शासन एवं ग्राम जल स्वच्छता मिशन की भूमिका, ग्राम कार्य योजना निर्माण आदि के बारे में विस्तृत चर्चा होगी। द्वितीय दिवस में फील्ड विजिट एवं अभ्यास का कार्यक्रम है। तृतीय दिवस में ग्राम की योजना के संचालन-संधारण पर चर्चा के साथ-साथ आईएसए की भूमिका, रिपोर्टिंग दस्तावेज आदि पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में अवध राम पटेल जिला पंचायत रायगढ़, जे.पी.गोंड सहायक अभियंता उपखंड रायगढ़ देवप्रकाश वर्मा सहायक अभियंता खंड रायगढ़ सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## संभागीय सम्मेलन को लेकर भारतीय जनता पार्टी की बैठक संपन्न

### केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह भी होंगी शामिल







**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा रविवार को भाजपा कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। जिसमें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 8 साल पूर्ण होने पर सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण इस मूल मंत्र को लेकर संभागीय सम्मेलन 19 जून को दोपहर 12 बजे राजा रूद्र प्रताप टाउन हॉल पर निश्चित किया गया है। जिसमें संभाग के बूथ स्तर के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। इस सभा में केंद्रीय जाति जनजाति कार्य राज्य मंत्री उपस्थित रहेंगे। मोदी सरकार के 8 साल पूर्ण होने पर भाजपा सरकार द्वारा लाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों के बीच कैसे आगे बढ़ाया जाए एवं 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले पार्टी कैसे मजबूत हो सभा के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।

जिला महामंत्री रामाश्रय सिंह ने कहा नगर मंडल में स्थित हर बूथ के बूथ कमेटी उपस्थित रहेंगे। आजीवन सहयोग निधि के लिए सभी को प्रेरित भी किया। नगर अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने कहा नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों जिसमें प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला गैस, जनधन खाता, गरीब कल्याण अन्न योजना इस सम्मेलन में विशेषकर भाग लेने हेतु आमंत्रित किया जाएगा। बैठक का संचालन संग्राम सिंह राणा एवं आभार अभय दीक्षित ने किया। बैठक में मुख्य रूप से आलोक अवस्थी शैलेंद्र भदोरिया, राकेश तिवारी, आर्यद्र सिंह आर्य, रोशन झा, शशि पाठक, अभय दीक्षित,दिगंबर राव,ममता पोटाई, योगेश शुक्ला, योगेश ठाकुर,शैलेश कुमार, अतुल कोशल, उमेश वानखेड़े, किशोर महावर,संजय चंद्राकर, गीता नाग, त्रिवेणी रनधारी, कृष्णा राय, नीलम यादव, प्रमिला कश्यप, गंगोत्री, मंजुला ध्रुव, पुनीता सुनानी, पी लोकेश राव, अनिमेष चौहान सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## अच्छे स्वास्थ्य को आहार के माध्यम से पाना बहुत आसान है: शिल्पी





**कोरबा।** वर्तमान समय में भाग दौड की जिंदगी में जहां हमें अपने आहार एवं स्वास्थ्य का ध्यान देने भी आवश्यक होता है वहीं हमारी दिनचार्य में क्या आहार होना चाहिए कितना होना चाहिए जिससे हमारा स्वास्थ्य भी ठिक रहे और हमें दिनभर की उर्जा भी मिलती रहे इन सभी सवालों के जबाव के लिए अग्रवाल सभा कोरबा द्वारा एक परामर्ष परिचर्चा का अयोजन किया गया जिसमें रायपुर कि आहार एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञ शिल्पी गोयल उपस्थित हुई। अग्रवाल सभा कोरबा द्वारा अयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ शासन के राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल व अग्रवाल सभा के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया सचिव शिव अग्रवाल कोषाध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवाल उमा बंसल व राजकुमार अग्रवाल द्वारा महाराज श्री अग्रसेन कि पूजा अर्चना व दीप प्रज्जवल के साथ कि गई इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया द्वारा अपने उदबोधन में कहा कि आज की जीवन शैली मैं हमें अपना आहार कैसा होना चाहिए जिससे हमारी हेल्थ अच्छी होनी चाहिए व कार्यक्रम के संबंध में जानकारी प्रदान कि गई इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ शासन के राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने अपने उदबोधन में कहा कि अग्रवाल समाज में शिल्पी गोयल द्वारा स्वास्थ्य व आहार के संबंध में जानकारी दी जायेगी इसका लाभ मिलेगा स्वस्थ्य लाभ के लिए अग्रवाल सभा द्वारा इस कैम्प का अयोजन हुआए जो लोग दिन भर ज्यादा धूमना फि रना नहीं करते है आहार व स्वस्थ्य के इस कार्यक्रम से स्वस्थ्य लाभ होगा। उदबोधन के बाद कार्यक्रम के लिए आहार व स्वास्थ्य विशेषज्ञ शिल्पी गोयल ने कार्यक्रम के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि आज बच्चों के खान पान में ध्यान देने कि जरूरत ज्याद है उनके शरीर का वजन बढ़ने लगता है उनके साथ साथ हमें बड़ों को भी अपने आहार पर

ध्यान देने कि भी आवश्यकता है बड़ों के रहन सहन व आहार से बच्चों भी सिखते है शरीर में होने वाले छोटे छोटे लक्षणों से हमारे आने वाली कुछ बीमारीयों की जानकारी होने लगती है जिसे हम अपने आहार द्वारा उसे पहले ही सुधार सकते हैं हमें लक्षणों पर ध्यान देना होगा आज अभिभावक अपने बच्चों को जिम्मेदारीया जरूर देवें जिससे उनके काम करने कि रूचि बने शिल्पी गोयल ने जानकारी में कहा कि आज हम जैसा खायेगे अन्न वैसा होगा तन

वर्तमान समय में खान पान में भी काफी परिवर्तन आ गये बाजार में भी बहुत से उत्पादन आ गये लेकिन उसके बीच हमें अपना स्वस्थ्य जीवन को देखते हुए अपना आहार लेना चाहिए तीन घंट चले परामर्श में उन्होंने अग्रबंघुओं के बहुत से सवाले के जबाव भी दिये।

# कांग्रेसियों ने काली पट्टी बांध कर अपने राष्ट्रीय नेता के पक्ष में किया मौन धरना प्रदर्शन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

केन्द्र सरकार जबसे सत्ता में आई है लगातार काँग्रेस के शीर्ष नेताओं को अपने पिंजरे के तोते ईडी को भेजकर बेवजह परेशान करने का कुत्सित प्रयास करते आ रही है। काँग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को केवल इसलिए भी परेशान कर रही है क्योंकि उसे मालूम है कि पूरे भारत में केवल यही काँग्रेस पार्टी है जो भाजपा को धूल चटा सकती है। जिस प्रकार से काँग्रेस पार्टी ने उदयपुर चिंतन शिविर के बाद पार्टी को फिर से मजबूती प्रदान की है और हालिया राज्यसभा चुनावों में मिली जबरदस्त जीत से भाजपा की चूले हिल गई है। फिर एक बार केन्द्र की मोदी सरकार ने काँग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को समन भेजा है और झूठे आरोप लगाते हुए परेशान कर रही है जिसके विरोध में काँग्रेस पार्टी ने



पूरे भारत भर में केन्द्र सरकार की कार्यवाही के खिलाफ काली पट्टी बांधकर मौन धरना देकर विरोध करने का निर्णय लिया। इसी कड़ी में आज जिला काँग्रेस कमेटी रायगढ़ शहर द्वारा भी स्थानीय रामनिवास चौक ओवर ब्रिज के नीचे 11 बजे से मुँह पर काली पट्टी बांधकर मौन धरना दिया और केंद्र सरकार का जमकर विरोध किया।

## मौन धरने पर कांग्रेस के रायगढ़ विधायक व जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने कहा

रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक ने कहा कि विदित हो कि प्रवर्तन निदेशालय ईडी की ओर से कांग्रेस की शीर्ष नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी को नोटिस देकर तलब करने के विरोध में यह धरना प्रदर्शन आहूत किया गया है। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा वर्तमान की केंद्र में बैठी भाजपा सरकार के दबाव में राहुल गांधी को झूठे प्रकरण में फंसाकर प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष उपस्थित होने का सम्मन दिया गया है जो राजनैतिक दुर्भावना से ग्रस्त कदम है और इस कार्यवाही पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देश व प्रदेश के कांग्रेसजन इन गीदड़ धमकियों से डरने वाले नहीं हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हम सभी कांग्रेसजन देश के लोकतंत्र की हत्या करने वाली भाजपा सरकार का डटकर मुक़ाबला करेंगे और ना ही हम डरेंगे और ना ही हम झुकेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी रायगढ़ के अध्यक्ष अनिल शुक्ला इस एक दिवसीय मौन धरने के विषय में बारे कहा कि बीजेपी ईडी और अन्य संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग कर कार्यवाही कर रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की ओर से ईडी प्रवर्तन निदेशालय एवं अन्य संस्थाओं के माध्यम से कांग्रेस शीर्ष नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी को नाजायज तौर पर परेशान किया जा रहा है।



## आइए जानते हैं कि नेशनल हेराल्ड क्या है?

नेशनल हेराल्ड वो नाम है, जिसको सुनते ही अंग्रेज हुकूमत में खलबली मच जाती थी। क्योंकि ये अखबार गुलामी के उस दौर में आजादी के दीवानों का साथी था। एक ऐसा साथी, जो क्रांति का जोश भरता था, जो क्रांतिकारियों के विचारों को न केवल हिन्दुस्तान बल्कि दुनियाभर में पहुंचाता था और विदेशियों को नेशनल हेराल्ड के जरिए ही भारत की आजादी के आंदोलन और अंग्रेजी क्रुरता के बारे में पता चलता था। नेशनल हेराल्ड की स्थापना भले ही पंडित नेहरू ने 1938 में की थी, मगर अकेला नेशनल हेराल्ड महात्मा गाँधी, नेहरू, पटेल, मौलाना आजाद, तिलक, गोखले, मदन मोहन मालवीया, बोस, भगतसिंह आजाद, अशफ़ाक था और यही कारण है कि इससे भयभीत अंग्रेज हुकूमत इस पर कई बार ताला लगाने का दुस्साहस किया।

## नेशनल हेराल्ड के भाजपाई दावों का सच

दरअसल आजादी के बाद समय के साथ नेशनल हेराल्ड अखबार घाटे में जाने लगा था। इस संकट से उसे उबारने के लिए कांग्रेस ने साल 2002 से 2011 के दौरान इसे 90 करोड़ रुपए लगभग 100 किश्तों में ऋण दिया। इस 90 करोड़ रुपए की राशि में से 67 करोड़ रुपए नेशनल हेराल्ड ने अपने कर्मचारियों को वेतन और व्हीआरएस का भुगतान करने के लिए उपयोग किया। यहाँ ये पहलू दिलचस्प है कि आजादी की लड़ाई लड़ने वाला अखबार आजादी के बाद भी अपने कर्मचारियों के भविष्य के लिए किस कदर चिंतित था। मतलब उसूल जिंदा थे। बाकी की राशि को देनदारियों के भुगतान में इस्तेमाल किया गया। जो अखबार कर्ज लेकर देनदारियां चुका रहा हो, वो घोटाला कैसे करेगा, ये समझ से परे है। खैर, माली हालत के चलते यह 90 करोड़ रुपए का ऋण नेशनल हेराल्ड और उसकी मूल कंपनी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड द्वारा चुकाना संभव नहीं था। इसलिए ऋण को एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड के इक्विटी शेयरों में परिवर्तित कर दिया गया। चूंकि कांग्रेस इक्विटी शेयरों का स्वामित्व अपने पास नहीं रख सकती थी। ये बिंदु इस केस का सारा सच बयां करने के लिए काफी है। जब कांग्रेस के पास स्वामित्व ही नहीं, तो सोनिया या राहुल या मोतीलाल वोरा घोटाला कैसे करेंगे? कांग्रेस शेयरों का स्वामित्व अपने पास तो नहीं रख सकती थी, इसलिए इसको सेक्शन 25 के अंतर्गत स्थापित यंग इंडियन नामक नॉट फॉर प्रॉफिट कंपनी, ध्यान दीजिए आप जरा 'नॉट फॉर प्रॉफिट यानि ऐसी कम्पनी जो लाभ के लिए स्थापित नहीं की गई को आवंटित कर दिया गया। कांग्रेस लीडरशिप के तौर पर सोनिया गांधी, राहुल गांधी, ऑस्कर फर्नांडिस, मोतीलाल वोरा, सुमन दुबे आदि इस नॉट फॉर प्रॉफिट कंपनी की प्रबंध समिति के सदस्य रहे, लेकिन स्वामित्व नहीं था। यह कंपनियों की सामान्य प्रैक्टिस का हिस्सा है। बड़ी कंपनियां ऐसा लगातार करती हैं, इसे अपराध नहीं कहा जाता। ये सारी प्रक्रिया हमारे कानून के तहत है।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने आगामी सत्र 2022-23 हिन्दी माध्यम संचालित होगा की नहीं जानकारी ली स्कूल प्रबंधन से

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पत्थलगांव के कार्यकर्ता द्वारा वर्तमान में पदस्थ आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम की प्राचार्या तनु सिंह से जानकारी लिया गया की आगामी सत्र 2022-23 में हिन्दी माध्यम की कक्षाएं संचालित होगा की नहीं इस सवाल जवाब देते हुए आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम की प्राचार्या ने स्पष्ट रूप से कहा की पूर्व से संचालित हिंदी माध्यम की कक्षाएं 9वीं, 10 वीं, 11वीं, और 12 वीं की सभी कक्षाएं पूर्व की भांति संचालित रहेंगी। इस हेतु शिक्षकों की नियुक्ति भी की जा चुकी है। कुछ लोगों के द्वारा ये भ्रम फैलाया जा रहा है कि हिंदी माध्यम विद्यालय बंद हो रहा है जो पूर्णतः गलत है। किसी भी भ्रम की



स्थिति में न रहे। आप सभी छात्र आकर 16 जून से अपना एडमिसन कराएं। हमेशा से ही छात्रहित में कार्य करती आ रही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इस बार भी छात्र हित में कार्य किया, क्यों की बहुत से छात्र भ्रमित थे। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जशपुर जिला के जिला संयोजक गुलशन पाण्डेय, नगर के नगर मंत्री वीरेन्द्र यादव, कार्यालय प्रमुख आदित्य मिश्रा, नगर कार्यकारणी सदस्य भूपेन्द्र यादव उपस्थित रहे।

# डी राम वरिष्ठ प्रबंधक खनन का बरौद उपक्षेत्र से सिंगरौली स्थानांतरण पर दी गई विदाई

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।

मृदुभाषी मिलन सरिता के धनी डी राम वरिष्ठ प्रबंधक खनन जो कि गत आठ वर्षों से रायगढ़ एसईसीएल के अंतर्गत बरौद उपक्षेत्र में पदस्थापना के दौरान पदोन्नति होने पर जिनका स्थानांतरण मध्यप्रदेश के सिंगरौली कोयला परिक्षेत्र में होने पर बरौद उपक्षेत्र के भू-राजस्व विभाग के कोयला कर्मचारियों द्वारा शाल श्रीफल भेंट कर विदाई दी गई साऊथ ईस्टर्न कोयला मजदूर कांग्रेस इंटक के क्षेत्रीय महामंत्री, भू-राजस्व विभाग में पदस्थ गनपत चौहान, व्हीकेएस ठाकुर, कुमारी त्रिवेणी यादव, सुखमोती चौहान, कार्यालय अधीक्षक एमके मोदी तथा अन्य लिपिकों की उपस्थिति में डी राम के ई-6 में पदोन्नति होने व सिंगरौली पोस्टिंग होने पर उनके उज्वल भविष्य की



शुभकामनाएं दी गई भू-राजस्व विभाग के गनपत चौहान ने बतलाया कि डी राम जून 2014 में रायगढ़ में आए और 2015 में वरिष्ठ प्रबंधक खनन के पद पर रहते हुए भू-राजस्व वन एवं पर्यावरण विभाग में नोडल अधिकारी के रूप में छः वर्षों तक बरौद, बिजारी व बरौद उपक्षेत्र के विस्तार परियोजना के लिए बड़ी कुशलता पूर्वक भूमि अधिग्रहण और आश्रितों को नौकरी मुआवजा का कार्य बड़ी द्रुत गति से जारी रही जिनके कार्यकाल में 166 नौकरी का निराकरण हुआ जिसके अंतर्गत 92 कृषक पुत्रों को नौकरी और 74 लोगों को नौकरी के बदले मुआवजा दी गई जो कि एक बड़ी उपलब्धि रही बरौद विस्तार के लिए 238.337 हेक्टेयर वन भूमि स्टेजवन के लिए वन पर्यावरण विभाग मंत्रालय दिल्ली को जिसके स्वीकृति के लिए भेजा गया है। जिसका निरीक्षण भी हो चुका है आने वाले समय में बरौद दस मिलियन टन उत्पादित उपक्षेत्र होगा। गनपत चौहान बतलाते हैं कि डी राम ग्रामीणों की समस्याओं को समाधान करने में उनकी मृदुभाषी मिलन सरिता से बड़ी से बड़ी समस्याएं सुलझा ली जाती थी उनकी अनुपस्थिति ग्रामीणों व भू-राजस्व विभाग को हमेशा खलती रहेगी।

## एक नजर

### 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर प्रतिबंध

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिले के नदियों-नालों, छोटी नदियों और उनकी सहायक नदियों जिन पर सिंचाई के लिए तालाब या जलाशय (बड़े या छोटे)निर्मित किये गये हैं, ऐसे सभी जलाशयों में 16 जून से 15 अगस्त 2022 तक मत्स्याखेट पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। इस अवधि में मत्स्याखेट करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधन अधिनियम के अन्तर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास या 10 हजार रूपये जुर्माना अथवा दोनों एक साथ होने का प्रावधान है। सहायक संचालक मछली पालन से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्षा ऋतु में मछलियों की वंशवृद्धि(प्रजनन) को दृष्टिगत रखते हुए उन्हे संरक्षण देने के लिए राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम की धारा के तहत 16 जून 2022 से 15 अगस्त 2022 तक बंद ऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में घोषित किया गया है। इस अवधि में मत्स्याखेट पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। यह नियम केवल छोटे तालाब या जल स्त्रोत, जिनका कोई संबंध किसी नदी से नाले से नहीं है के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर में लागू नहीं होंगे।

### रक्तदान शिविर का आयोजन आज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर श्री भीम सिंह के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायगढ़ डॉ.एस.एन.केशरी के मार्गदर्शन में 14 जून विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर इच्छुक हितग्राहियों का ब्लड ग्रुप जांच एवं रक्तदान हेतु शिविर का आयोजन कलेक्ट्रेट के सृजन सभा कक्ष में समय प्रातः 9:00 बजे से रेडक्रॉस सोसाइटी रायगढ़ के सहयोग से किया जा रहा है। जो हितग्राही अधिक बार रक्तदान किया हो उन्हें सम्मानित कर पुरुस्कृत किया जायेगा। जनसामान्य से अपील की गयी है कि रक्त ग्रुप की जांच कराकर रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में आकर सहयोग प्रदान करें। जिससे आपातकालीन स्थिति पर गंभीर मरीजों की जान बचायी जा सकें तथा समस्त सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में ब्लडग्रुप की जांच की जायेगी।

### व्हीटीपी रजिस्टर्ड कोर्स में 20 जून तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण हेतु वर्ष 2022-23 में शास.महिला आईटीआई रायगढ़ में प्रवेश प्रारंभ किया जाना है। उक्त प्रशिक्षण हेतु व्हीटीपी रजिस्टर्ड कोर्स में 20 जून 2022 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिसमें सेल्फ एम्पलाइड टेलर्स एवं डोमेस्टिक डाटा एण्ट्री ऑपरेटर कोर्स में 20-20 सीट रिक्त है। इच्छुक आवेदक नियत तिथि तक कार्यालयीन अवधि में शास.महिला आईटीआई रायगढ़ में उपस्थित होकर आवेदन कर सकते है।

### एक साथ मिलकर काम करेंगे तो जेवरा महासभा होगी समृद्ध

**कोरबा ।** अखिल गोंड समाज महासभा केंद्र, जेवरा के अधिकारियों-कर्मचारियों, पुरुष, महिला व युवा वर्ग द्वारा सामुदायिक भवन आदि बड़ादेव शक्तिपीठ में संविलियन विषय पर चर्चा करने बैठक आयोजित किया गया। बैठक में समाज का विकास एवं योगदान करना, समाज को एक सूत्र में बांधना, शिक्षा, रोजगार को बढ़ावा देना, प्रशिक्षण देना,सम्मेलन करना आदि निर्णय लिया गया।

बैठक प्रारंभ करने के पूर्व जेवरा महासभा के प्रथम सभापति स्वर्गीय धनसिंह आर्मो के शैल चित्र पर चावल और महुआ फूल अर्पित कर बैठक शुरू की गई। इस दौरान रतनपुर पालीगढ़ जेवरा महासभा के पदाधिकारियों समेत सैकड़ों सदस्यगण उपस्थित थे। इनमें से केवल 22 सदस्यों को रतनपुर पालीगढ़ महासभा में सदस्यता ग्रहण करने का कारण दर्शा कर उनकी सदस्यता समाप्त की गई है, जबकि सदस्यों ने सदस्यता ही ग्रहण नहीं किया हैं। जेवरा महासभा के 22 सदस्य को निष्कासित करना, बैठक में बात रखने वाले को चुप कराना वार्षिक महासभा में आय व्यय का ब्यौरा नहीं देना, संविलियन के लिए देव व्यवस्था व गोत्र व्यवस्था का बहाना बनाना। यदि जेवरा महासभा के पदाधिकारीगण सबको साथ लेकर चलते तो नया महासभा का गठन नहीं होता। विचार विमर्श पश्चात बैठक में सभी ने एकमत से नया महासभा गोंड समाज महासभा केंद्र, जेवरा बद्ध गठन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में संविलियन से क्या लाभ व क्या हानि होगा, छत्तीसगढ़ राज्य बनने के 20 वर्षों बाद समाज कहां पहुंचा है और आगे 20 वर्ष बाद समाज कहां पहुंचेगा।

# विधायक यूडी मिंज ने किसानों को आधुनिक खेती से जोड़ने खुद शुरू की 6 एकड़ में सब्जियों की खेती

**किसानों को आधुनिक ग्राफ्टिंग खेती के लिये प्रेरित करने विधायक यूडी मिंज ने लगवाए ग्राफ्टेड सब्जियों के पौधे'**

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

छत्तीसगढ़ जहां में किसानों का ख्याल रखने वाली और उनकी मदद करने वाली सरकार है, किसानों के लिए कई प्रकार की योजना लाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश में लगी है वहीं छत्तीसगढ़ सरकार में संसदीय सचिव यूडी मिंज की सोंच भी किसानों को मजबूत बनाकर उन्हें आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने की है लगातार संसदीय सचिव यूडी मिंज किसानों को बहुफ सली आधुनिक खेती करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। प्रशिक्षण दिलवा रहे हैं और उनका सहयोग कर रहे हैं उनका शुरू से ही सोंच है कि जशपुर जिले को एग्रीकल्चर टुरिज्म के रूप में आगे बढ़े। दो माह पूर्व उनके द्वारा अपने निवास ग्राम जोकारी में जिसे सब आश्रय के रूप में जानते है वहाँ लगभग 6 एकड़ जगह में टमाटर, मिर्च और बैगन की ग्राफ्टेड पौधे लगाय जिसका 60-70 दिनों के अंदर उत्पादन शुरू हो गया है संसदीय सचिव का उद्देश्य उनके क्षेत्र के



**विधायक मिंज की प्रेरणा से विधानसभा क्षेत्र में बन रहे है किसानों की 61 मॉडल आधुनिक बाड़ी, बनेगा अधिक आमदनी का जरिया**

किसानों को यह दिखाना था कि ग्राफ्टेड पौधे से कम जगह में ज्यादा उत्पादन किया जा सकता है जिससे आमदनी अच्छी हो सकती है, वर्तमान समय में पारम्परिक विधि से खेती में किसानों की बस लागत ही मिल पर रही है और समय भी अधिक लग रहा है मुनाफा भी कम हो रहा है इसलिए आधुनिक खेती जरुरी हैं। संसदीय सचिव यूडी मिंज ने बताया कि वर्तमान में कुनकुरी, फरसाबाहर और दुलदुला तीनों में 61 बाड़ी के लिए किसानों को तैयार किया गया है, जो आधुनिक खेतीए ग्राफ्टेड पौधे ड्रिप विधि से सिंचाई के माध्यम से खेती का स्वरूप बदलने के लिए तैयार है और काम प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि मैंने अपने निवास जोकरी में अपनी जमीन में टमाटर लगभग 2 एकड़, बैगन 2 एकड़ मिर्च 2 एकड़ में लगाया है ये सभी ग्राफ्टेड पौधे लगाय गए हैं जिसमें दो महीने में ही उत्पादन शुरू हो गया। इससे समय की बचत होगी, सिंचाई में पानी कम लगेगा और उत्पादन अधिक होगा तो निःसंदेह आमदनी भी अधिक होगी। उन्होंने कहा कि मेरा उद्देश्य मात्र क्षेत्र के किसानों को आधुनिक खेती से जोड़ कर उन्हें समृद्ध बनाकर कृषि को नई दिशा देनी है, मेरी सोंच हैं जशपुर जिला एग्रो टुरिज्म के रूप में अपनी पहचान बनाय, उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ जैविक खेती की दिशा में बढ़ रहा हैं धीरे धीरे हमारे किसान अब पारम्परिक खेती को छोड़ कर आधुनिक खेती की दिशा में बढ़ रहे हैं मेरी सभी किसानों से आग्रह है कि एक बार जरूर आश्रय जोकरी आ कर ग्राफ्टेड खेती को देखेंए सीखें और करने की दिशा में आगे बढ़ें निश्चित रूप से यह किसानों के भाग्य बदलने वाला साबित होगा।

## क्या होती है ग्राफ्टिंग विधि

साधारण पौधे उथले जड़ वाले होते हैं, लेकिन ग्राफ्टिंग विधि से इनकी जड़ें गहरी होती है। इसके लिए ज्यादा पानी की आवश्यकता नहीं होती है। बैगन का पौधा कीटों और रोगों के लिए अति संवेदनशील होता है। इसलिए इस विधि को अपनाया जाता है। विदेशों में अधिकतर ग्राफ्टिंग विधि से ही अधिकांश सब्जियों के फसल का उत्पादन होता है। ग्राफ्टिंग तकनीकि वह विधि है जिसमें दो अलग-अलग पौधों के कटे हुए तनों को लेते हैं। इसमें एक जड़ सहित और दूसरा बिना जड़ वाला होता है। दोनों को इस तरह से एक साथ लाया जाता है कि दोनों तने संयुक्त हो जाते हैं और एक ही पौधे के रूप में विकसित होते हैं।

# जिले के युवाओं की शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में होनी चाहिए भागीदारी-कलेक्टर

**राजीव युवा मितान क्लब के मास्टर ट्रेनर्स के एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम**

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़

कलेक्टर भीम सिंह आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजीव युवा मितान क्लब के मास्टर ट्रेनर्स के एक दिवसीय प्रशिक्षण में शामिल हुए। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिले के युवाओं को विभिन्न सकारात्मक कार्यों से जुड़कर कार्य करने की आवश्यकता है। साथ ही जिले के युवाओं की शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में भागीदारी होनी चाहिए। जिले के युवाओं की शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में भागीदारी, साफ-सफाई, खेलकूद, सांस्कृतिक तथा विभिन्न गतिविधियों से युवाओं को जोड़ने के लिए ही युवा मितान क्लब का गठन किया गया है। जिसका उद्देश्य युवाओं को राज्य के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए संगठित कर शासन की विभिन्न विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय सहयोग लेना, युवाओं को संगठित कर प्रदेश की संस्कृति एवं



पर्यावरण का संरक्षण संवर्धन के लिए कार्य करने सामाजिक नेतृत्व प्रदान करते हुए राज्य के आर्थिक विकास की गतिविधियों में प्रभावी रूप से भाग लेकर गड़बो नवा छत्तीसगढ़ की मुहिम में साक्षी बनना, युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करना, स्वावलंबन को बढ़ावा देना, कुपोषण को दूर करना, सामाजिक असमानता कुरीतियों को दूर करना, शिक्षा को बढ़ावा देना, स्वच्छता अभियान से जोड़ना एवं सांस्कृतिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना, शिक्षा व खेल के माध्यम से स्वस्थ समाज की स्थापना में सहभागी बनना तथा युवाओं में खेल, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना एवं ग्राम सुराज की परिकल्पनाओं को पूर्ण करने हेतु सक्रिय भागीदारी निभाना है। राजीव युवा मितान क्लब के मास्टर ट्रेनर्स के उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के प्रत्येक विकासखंड से एक-एक शिक्षक और अन्य विभागों के एक-एक कर्मचारियों को सभी विभागों की प्रमुख शासकीय योजनाओं के संबंध में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण प्राप्त किए हुए यही मास्टर ट्रेनर्स जिले के विभिन्न विकासखंडों की पंचायतों में गठित युवा मितान क्लब के सदस्यों को तथा स्थानीय स्तर के विभिन्न विभाग के कर्मचारियों को आगामी दिनों में गठित बैच अनुसार विभिन्न विकासखंड मुख्यालयों के युवा केन्द्रों में प्रशिक्षण प्रदाय करेंगे। सभी विभागों के अंतर्गत संचालित छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी आम नागरिक तक पहुंच सके तथा उसका लाभ उनको प्राप्त हो रहा है अथवा नहीं इसकी जानकारी सुनिश्चित करने व इसके सही-सही क्रियान्वयन हो इसलिए राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों को सभी विकासखंड के युवा केंद्रों में प्रशिक्षण दिया जाना है।

इसी उद्देश्य से आज मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण किया गया। सभी मास्टर ट्रेनर्स अपने-अपने विकासखंडों में प्रशिक्षण आयोजित करेंगे और राजीव युवा मितान के सदस्यों को विभागों के अंतर्गत संचालित योजनाओं उनके महत्व उसकी पात्रता तथा योजनाओं का क्रियान्वयन किस प्रकार हो रहा है उसकी जानकारी देंगे। आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ आर.पी.आदित्य, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा रमेश देवांगन, सहायक परियोजना समन्वयक भुनेश्वर पटेल व आलोक स्वर्णकार तथा जिले के प्रत्येक विकासखंड से दो-दो मास्टर ट्रेनर्स की उपस्थित रहे।

# ससकोबा गांव में जमीन विवाद को लेकर रिश्तेदार ने की मारपीट

## आरोपी पति-पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर चचेरे भाई के साथ मारपीट किये जाने का मामला सामने आया है।




जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

वहीं प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पति पत्नी के विरुद्ध संबंधित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। यह पूरा मामला रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के रैरुमा खुर्द चौकी का है। इस संबंध में चौकी क्षेत्र के ससकोबा निवासी युवक ने पुलिस को बताया कि उसके पिता व दो अन्य भाइयों के बीच जमीन का आपसी बंटवारा हुआ है। इस बात को लेकर उसके बड़े पिता के बेटे के द्वारा पूर्व में कई बार फलदार पेड़ के हिस्से की जमीन को लेने की बात पर झगड़ा किया जाता रहा है। बीते 12 जून को भी उसके बड़े पिता के लड़के के द्वारा प्रार्थी के माता पिता के साथ गाली गलौज किया जा रहा था। इस दौरान जब उसने ऐसा करने से मना किया तो उसके बड़े पिता के लड़के की पत्नी ने जलती हुई लकड़ी से उसके सर पर वार कर दिया जिससे वह घायल हो गया। वहीं बाद में उन्होंने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने आरोपी पति.पत्नी के खिलाफआईपीसी की धारा 294ए 323ए 34 व 506 के तहत अपराध कायम कर मामले की जांच में जुट गई है।

# आज धरमजयगढ़ भाजपा कार्यकर्ता करेंगे मुख्यमंत्री का पुतला दहन

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

पूर्व कलेक्टर एवं भाजपा नेता ओपी चौधरी के खिलाफकोरबा में एफ आईआर दर्ज होने के बाद राजनीतिक जगत में नया भूचाल आ गया है। चौधरी के नाम पर हुए एफआईआर के विरोध में 12 जून को रायगढ़ में भाजपा कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर प्रदर्शन किया था। जिस पर भाजपा कार्यकर्ताओं के नाम पर कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज किया गया है। जिसके विरोध धरमजयगढ़ मण्डल भाजपा कार्यकर्ता आज मुख्यमंत्री का पुतला दहन करेंगे। जिसके लिए मण्डल अध्यक्षए महामंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि प्रदेश मंत्री भाजपा ओपी चौधरी के खिलाफकिए गए झूठे एफआईआर के विरोध में किए आंदोलन में जिले के भाजपा नेताओ और कार्यकर्ताओं के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज कर भूपेश सरकार द्वारा विपक्ष की आवाज को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है। जिसके विरोध में कल 14 जुन मंगलवार को दोपहर 3 बजे मंडल भाजपा धर्मजयगढ द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पुतला दहन करने का निर्णय लिया गया है। मंडल में निवासरत वरिष्ठ नेता गंणएमंडल भाजपा कार्यसमितिए सभी मोर्चा के अध्यक्ष महामंत्री एवं पूरी टीम तथा भारतीय जनता पार्टी के सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न होना है। अतः सभी की उपस्थिति प्राथनीय है।

# नव पदस्थ एसडीएम ने ली विभागीय अधिकारियों की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



नवपदस्थ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धरमजयगढ़ ने आज जनपद पंचायत धरमजयगढ़ सभागार में अधिकारियों की बैठक ली। पदभार ग्रहण करने के बाद पहली बैठक ली गई है। परिचय के साथ साथ एसडीएम मनीष मिश्रा ने सभी विभाग प्रमुखों से क्रमशः जानकारी ली है। वहीं सभी कार्यों को समय पर पूरा करने निर्देशित किया है। आगामी दिनों मुख्यमंत्री के धरमजयगढ़ आगमन की संभावना को देखते हुए इस बैठक को अहम मानी जा रही है। बता दें कि पखवाड़े भर में धरमजयगढ़ को दो नए एसडीएम मिले। आईएएस संबित मिश्रा के स्थानांतरण के बाद सीमा पात्रे को पदस्थ किया गया था। जिसके बाद शासन द्वारा जारी आदेश में सीमा पात्रे का स्थानांतरण कोरबा जिले में हो गया। वहीं धरमजयगढ़ के नए एसडीएम के रूप में मनीष मिश्रा ने पदभार संभाला है। जिसके बाद विभागीय अधिकारियों की आज पहली बैठक ली है।

# मानिकपुरी पनिका समाज तेईस परगना के गोविंददास बने अध्यक्ष

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



विगत कई वर्षों से सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहने वाले गोविंददास महंत को सर्वसम्मति से अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। अखिल भारतीय मानिकपुरी पनिका समाज तेईस परगना का बैठक मन बहालपारा धरमजयगढ़ में संपन्न हुआ। जिसमें तेईस परगना क्षेत्र के नरकालो, बायसी, धरमजयगढ़, ओंगना, भण्डारीमुड़ा, अमृतपुर, जमरगीडी, बलपेदा, मिरीगुढ़ा, खम्हार, साजापाली, किरिया, पखनाकोट, बगबुड़ा, रायमेर, डुमरनारा, घोंचल, भोजपुर, जमरगा, कुमा, चाल्हा, क्रिंधा एवं उदउदा गांव के सैकड़ों सामाजिक जन उपस्थित थे। बैठक में सामाजिक उत्थान पर चर्चा करते हुए समाज में व्याप्त कुरितियों को खत्म करने पर जोर दिया गया। एक समाज, एक संगठन, एक नेतृत्व, एक नियम की अवधारणा को सार्थक करने विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिस पर सभी ने सहमति जताई। बैठक में तेईस परगना के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए भी चर्चा किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से गोविंद दास महंत धरमजयगढ़ को अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष चुने जाने के बाद सभी ने उन्हें बधाई दी। अध्यक्ष बनने के बाद गोविंद दास महंत ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज को संगठित कर एकजुटता के साथ आगे बढ़ाने के लिए कार्य करूंगा। उन्होंने आगामी कबीर दास जयंती को अच्छे ढंग से मनाने की बात कही।

# राष्ट्रीय अंधत्व निवारणः मोतियाबिंद के रोजाना हो रहे दो आपरेशन

**कोरबा** । राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत मोतियाबिंद की समस्या से जूझ रहे लोगों को राहत देने के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार काम कर रहा है। स्क्रीनिंग से लेकर सभी तरह की जांच और आपरेशन की सुविधा लोगों को दी जा रही हैं।

लक्ष्य यह तय किया गया है कि कोरबा जिले में मोतियाबिंद को पूरी तरह समाप्त किया जाए।

## एक नजर

# बीआरसी ऑफिस के सामने अनियंत्रित होकर गिरा बाईक चालक, 112 के माध्यम से पहुंचा अस्पताल

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



धरमजयगढ़ बीआरसी ऑफिस कार्यालय के सामने मुख्य मार्ग में शाम के समय एक बाईक चालक अनियंत्रित होकर सड़क में गिर गया हादसे में बाइक चालक का सिर और चेहरा जख्मी हो गया है जिसे 112 की मदद से धरमजयगढ़ हॉस्पिटल में पहुंचा गया है जहां उपचार जारी है। मिली जानकारी के अनुसार आज शाम करीब 6 बजे धरमजयगढ़ क्षेत्र के पोरिया गांव निवासी पौलुस तिग्गा किसी काम से धरमजयगढ़ से रायगढ़ रोड़ की ओर जा रहा था उसी दौरान बताया जा रहा है बाइक चालक बाइक समेत अनियंत्रित होकर गिर पड़ा जिससे उसके सिर और चेहरे में चोट आई है जिसे 112 के माध्यम से धरमजयगढ़ अस्पताल ले जाया गया है जहाँ उसका फिलहाल उपचार किया जा रहा है।

# बिजली कर्मियों के लिए निःशुल्क चिकित्सा बीमा योजना लागू हो

**कोरबा** । विद्युत कंपनी में कार्यरत नियमित व सेवानिवृत कर्मियों को सामूहिक निश्शुल्क चिकित्सा बीमा योजना लागू करने पर विद्युत नियामक आयोग द्वारा विचार कर लागू करने कहा है। ताकि कर्मियों को इसका फायदा मिल सके।

विद्युत कंपनी में कार्यरत नियमित व सेवानिवृत कर्मियों को निःशुल्क चिकित्सा बीमा कैशलेश योजना लागू करने की मांग सभी श्रमिक संगठन प्रतिनिधियों द्वारा लगातार की जा रही है और इस संबंध कई बार पत्राचार भी किया, पर प्रत्येक बार प्रबंधन ने चर्चा कर केवल आश्वासन का झुनझुना थमा दिया। प्रबंधन का कहना था कि बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव पर चर्चा कर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। दुर्भाग्य से अभी तक इस मुद्दे पर कोई निर्णय नहीं हो सका। इससे नियमित व सेवानिवृत्त कर्मियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन वन के महामंत्री आरसी चेट्टी ने बताया कि कैशलेस चिकित्सा सुविधा के लिए प्रबंधन का कहना था कि इसके लिए राशि की व्यवस्था कहां से होगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा विद्युत शुल्क निर्धारण के लिए कंपनी की याचिका पर सुनवाई के दौरान सेवानिवृत पेंशनर संघ एवं सभी संगठन द्वारा सामूहिक निःशुल्क चिकित्सा बीमा योजना लागू किए जाने के लिए लिखित व चर्चा के माध्यम से योजना को आयोग के समक्ष विस्तार से रखा गया। इस संबंध में गुण, दोष के आधार पर सुनवाई पश्चात आयोग द्वारा अभिमत समेत आदेश पारित किया गया।






स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in